
# एक अभागा पिता अपने स्व पुत्र के याद में भगवान शिव एवं हनुमान जी का मंदिर बनाकर प्राण प्रतिष्ठा का किया आयोजन

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**रायपुर/सूरजपुर ब्यूरो** एक अभागा पिता अपने स्वर्गीय पुत्र अभिलेख ठाकुर की स्मृति में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित ए के एस वर्ड सीटी कॉलोनी में अपने दिवंगत पुत्र एवं युवा कांग्रेसी नेता अभिलेख ठाकुर के याद में भगवान शिव एवं हनुमानजी का मंदिर निर्माण कर आज शनिवार को प्राण प्रतिष्ठा करने जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी के अनुसार रायपुर में है छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग में कार्यरत किशोर ठाकुर का पुत्र एवं युवा कांग्रेसी नेता अभिषेक ठाकुर का आकस्मिक निधन हो गया जिससे उसके पूरे परिवार पर ब्रजपत हो गया अपने पुत्र के याद में पिता दुखित पिता किशोर ठाकुर मंदिर बनाकर उसमें भगवान शिव एवं संकट मोचन हनुमान जी का आज शनिवार को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया है।

उक्त धार्मिक आयोजन में दुखित पिता रायपुर स्थित ए के इस शब्द सिटी अमलेश्वर कॉलोनी के समस्त कॉलोनीवासीयो आमंत्रित किया है।



हनुमान जी के रुद्र अवतार



भोले भंडारी भगवान शंकर

इस संबंध में दुखित पिता किशोर ठाकुर ने बताया कि रायपुर स्थित एकेएस वर्ल्ड सिटी में नव-निर्मित मंदिर में भगवान भोलेनाथ एवं संकटमोचन बजरंगबली की नवीन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा एवं कलशारोहण महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें कॉलोनी वासियों की गरिमामयी उपस्थिति एवं प्रार्थनीय है। श्री ठाकुर ने बताया कि

**कार्यक्रम विवरण**

14 फरवरी 2026 दिन शनिवार समय सुबह 11 बजे कलश यात्रा एवं एवं मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 15 फरवरी 2026 दिन रविवार समय - सुबह 9:00 बजे तथा महाआरती दोपहर 12:30 बजे से भंडारा (प्रसाद) का आयोजन किया गया है आगामी 16 फरवरी 2026 दिन सोमवार दोपहर 1:30 बजे से होगा।

आयोजन राजधानी रायपुर के एकेएस वर्ल्ड सिटी अमलेश्वर के

आयोजन समिति एवं समस्त कॉलोनीवासी का संपूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा।

## पीएम श्री सेजेस जयनगर के विद्यार्थियों का शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट आयोजित

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)** पीएम श्री सेजस जयनगर के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसएमडीसी अध्यक्ष श्री शांतनु सिंह एवं सदस्यों श्री देवशरण सिंह, श्री विनोद कुमार बिंझिया तथा श्रीमती परमजीत कौर द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस रवाना कर किया गया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आकाशवाणी केंद्र, अंबिकापुर का दौरा किया, जहां वरिष्ठ अभियंता अरुण श्रीवास्तव ने केंद्र की कार्यप्रणाली, प्रसारण प्रक्रिया तथा इंजीनियरिंग व सांस्कृतिक विभागों के कार्यों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को रिकॉर्डिंग, एडिटिंग एवं ट्रांसमीटर के माध्यम से कार्यक्रम प्रसारण की तकनीकी प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।



इसके साथ ही विद्यार्थियों को स्वच्छता पार्क का भ्रमण कराया गया, जहां स्वच्छता प्रभारी सिकंदर राम ने वेस्ट मटेरियल से उपयोगी वस्तुएं बनाने की प्रक्रिया समझाई। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं तकनीकी दृष्टि से उपयोगी रहा।

## लाइवलीहुड कॉलेज कोरबा में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज कोरबा में विभिन्न योजनाओं के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रगति तथा हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली।

कलेक्टर ने पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत टेलर (दर्जी) एडवांस्ड कोर्स के हितग्राहियों से चर्चा कर प्रशिक्षण एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। हितग्राहियों ने बताया कि बुनियादी कौशल प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत एक लाख रुपये का लोन प्राप्त कर उसका उपयोग टेलरिंग व्यवसाय में किया गया है। सभी हितग्राहियों का उद्यम पंजीयन पूर्ण हो चुका है तथा वे वर्तमान में एडवांस्ड कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण अवधि में हितग्राहियों को पांच सौ रुपये प्रतिदिन की दर से कुल 07 हजार 500 रुपये की प्रशिक्षण प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

कलेक्टर श्री दुदावत ने बालको द्वारा संचालित सीजीपीएससी एवं सीजी व्यापमं प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग ले रहे हितग्राहियों से भी संवाद किया। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपलब्धता, अध्ययन सामग्री तथा छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन किया।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके जीवन का यह अत्यंत कीमती समय है, इसे व्यर्थ न गंवाएँ। नियमित अभ्यास, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ तैयारी ही सफलता का मार्ग है।उन्होंने युवाओं को कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि शासन-प्रशासन संसाधन उपलब्ध करा सकता है, परंतु सफलता आपकी मेहनत पर निर्भर करती है। उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव न लेने की सलाह भी दी।

लाइवलीहुड कॉलेज में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वर्तमान में एक भी प्रशिक्षण बैच संचालित न होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 10 दिनों के भीतर न्यूनतम तीन नए प्रशिक्षण बैच अनिवार्य रूप से प्रारंभ किए जाएँ।

## इंडस टॉवर्स का सीएसआर पहल छत्तीसगढ़ के स्कूलों में संपन्न



### नारायणपुर में 6766 एवं सक्ती में 19,702 पैड छात्राओं को वितरित किये )

**रायपुरः** भारत की अग्रणी टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडस टॉवर्स ने पिंकीशी फाउन्डेशन के सहयोग से, अपनी सीएसआर पहल के तहत छत्तीसगढ़ के दो जिलों नारायणपुर एवं सक्ती के 65 सरकारी स्कूलों में सैनिटरी पैड इंफ्रास्ट्रक्चर को सफलतापूर्वक पूरा करने की घोषणा की है। इस पहल के तहत हर स्कूल को डस्टबिन और पैड बैंक (स्टोरेज कबर्ड) मुहैया कराए गए हैं, ताकि किशोरियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं भरोसेमंद मैन्स्ट्रूअल हाइजीन मटीरियल उपलब्ध कराया जा सके । इंडस टॉवर्स ने अपनी सीएसआर पहल के तहत छत्तीसगढ़ स्कूलों में मैन्स्ट्रूल हाइजीन इंफ्रास्ट्रक्चर रोलआउट को सफलतापूर्वक पूरा किया। इंडस टॉवर्स का नारी सम्मान प्रोग्राम नारायणपुर और सक्ती में किशोरियों के लिए मैन्स्ट्रूअल हेल्थ, हाइजीन और जागरुकता को सुलभ बनाएगा। 65 स्कूलों (नारायणपुर में 20 और सक्ती में 45) में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनें और पैड बैंक इंस्टाल किए। नारायणपुर में 20 डस्टबिन और 20 पैड बैंक इंस्टॉल किए; सक्ती में 45 डस्टबिन और 45 पैड बैंक इंस्टॉल किए। नारायणपुर में 40 स्कूल जागरुकता सत्र आयोजित किए; सक्ती में 92 स्कूल जागरुकता सत्र आयोजित किए। नारायणपुर में 62 सामुदायिक सत्र हुए; सक्ती में 56 सामुदायिक सत्र हुए। नारायणपुर में 40 स्कूल सखियों और 20 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया; सक्ती में 90 स्कूल सखियों और 45 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। नारायणपुर में 3383 से अधिक लड़कियों को 6766 पैड पैकेट बांटें; सक्ती में 9851 लड़कियों को 19,702 पैड पैकेट बांटे। नारायणपुर में 64618 पैड सप्लाई किए; सक्ती में 1,74,124 पैड सप्लाई किए। इंडस टॉवर्स एवं पिंकीशी के प्रयासों की सराहना करते हुए जिला अधिकारी ने कहा, ''इन इन्स्टॉलेशन्स का पूरा होना हमारी छात्राओं के कल्याण एवं सम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लड़कियों की पढ़ाई में कोई रूकावट न आए, इसके लिए मैन्स्ट्रूअल हेल्थ को सुनिश्चित करना जरूी है। मैं आपसी सहयोग से किए गए इन प्रयासों की सराहना करना चाहूंगा, जिनकी वजह से यह संभव हो पाया है। इंडस टॉवर्स का नारी सम्मान प्रोग्राम स्कूल आधारित सहयोग, जागरुकता एवं सुलभता को सशक्त बनाकर छत्तीसगढ़ को आत्मविश्वास से भरपूर, जागरुक एवं महिलाओं की समावेशी पीढ़ी के निर्माण में मदद कर रहा है।' इंडस टॉवर्स की मुख्य सीएसआर पहल प्रगति के तहत पेश किया गया नारी सम्मान प्रोग्राम जागरुकता, सुलभता एवं सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देता है।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े गृह ग्राम बीरपुर में नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल हुईं





### कलश यात्रा एवं वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ धार्मिक आयोजन

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)** मंत्री एवं भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने गृह ग्राम बीरपुर में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत प्रातः राम मंदिर, पासंग नाला से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कलश यात्रा शिव मंदिर परिसर तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, वहीं रात्रि में भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना रहा।

इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, एकता और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों को इस सफल एवं भव्य आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि नवनिर्मित शिव मंदिर ग्राम बीरपुर में आस्था और सांस्कृतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

कार्यक्रम में विधायक श्री भूलन सिंह मरावी, पूर्व गृह मंत्री श्री रामसेवक पैकरा, श्री बाबूलाल अग्रवाल, श्री अनिल सिंह मेजर, श्री भीमसेन अग्रवाल, श्री अजय गोयल सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कोटक फ्लेक्सी कैप फंड ने अपनी लॉन्ग टर्म वेल्थ क्रिएशन जर्नी के पूरे किए 15 साल

**मुंबई :** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने कोटक फ्लेक्सी कैप फंड के 15 साल पूरे होने की घोषणा की। इस योजना ने शुरू होने से अब तक 16.59% की सालाना औसत रिटर्न (CAGR) दिया है और अलग-अलग मार्केट साइकिल में लंबी अवधि में मजबूत प्रदर्शन किया है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह ने कहा कि, कोटक फ्लेक्सी कैप फंड के 15 साल पूरे होना हमारे लिए और उन निवेशकों के लिए गर्व की बात है, जो लगातार इस फंड से जुड़े रहे हैं। फ्लेक्सी कैप फंड की कैटेगरी आज भी बहुत अहम है, क्योंकि यह निवेशकों को भारत की ग्रोथ की यात्रा में अलग-अलग सेगमेंट्स में निवेश का मौका देती है, जबकि मार्केट कैपिटलाइजेशन से जुड़े फैसले एक अनुभवी निवेश टीम पर छोड़ दिए जाते हैं। 31 दिसंबर 2025 तक, कोटक फ्लेक्सी कैप फंड डायरेक्ट प्लान - ग्रोथ ऑप्शन ने पिछले 10 साल में 15.70 फीसदी और पिछले 5 साल में 16.87 फीसदी की सालाना औसत रिटर्न (CAGR) दिया है। इस फंड का मैनेजमेंट हर्ष उपाध्याय कर रहे हैं, जो कोटक महिंद्रा एएमसी के सीआईओ हैं। उनकी निवेश को लेकर सोच सटेबल इनकम, मजबूत कॉर्पोरेट गवर्नेंस और पूंजी के सही उपयोग पर आधारित है। हर्षा उपाध्याय ने कहा कि, कोटक फ्लेक्सी कैप फंड ने पिछले 15 साल में अलग-अलग मार्केट फेज को सफलतापूर्वक पार किया है, क्योंकि यह हमेशा मजबूत और लंबे समय तक कमाई करने वाली कंपनियों में निवेश पर केंद्रित रहा है, जिनमें पूंजी का सही इस्तेमाल होता है। हमारा फोकस हमेशा गहराई से की गई रिसर्च पर आधारित सही शेयर चुनने पर रहा है, न कि थोड़े समय के ट्रेंड्स के पीछे भागने पर। इसी सोच की वजह से यह फंड भारत की ग्रोथ स्टोरी में अच्छी भागीदारी कर पाया है और निवेशकों को लंबे समय में लगातार अच्छे नतीजे देने की कोशिश करता रहा है। फ्लेक्सी कैप फंड लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियों में निवेश करके बदलते बाजार हालात के अनुसार खुद को ढालने की सुविधा देते हैं। दिसंबर 2025 तक, कोटक फ्लेक्सी कैप फंड का लगभग 73 फीसदी निवेश बड़ी कंपनियों में, 19 फीसदी मिडकैप कंपनियों में और 5 फीसदी स्मॉल कैप कंपनियों में है। इस फंड का पोर्टफोलियो सेक्टर के बड़े नजरिए और गहराई से किए गए शेयर चयन का मिक्स है। इसमें प्रमुख रूप से फाइनेंशियल सर्विसेज, ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट्स, कैपिटल गुड्स, केमिकल्स, कंस्ट्रक्शन मटेरियल और कंज्यूमर सर्विसेज सेक्टर शामिल हैं। फंड की रिसर्च-आधारित रणनीति सही वैल्यूएशन और कमाई की स्पष्टता के साथ लंबे समय के निवेश अवसर पहचानने में मदद करती है।

### भारत की स्पैम ढाल: ट्रूकॉलर कम्युनिटी ने 2025 में लगभग 1,200 करोड़ अनचाही कॉल्स को रोका

**नई दिल्ली:** 2025 में भारत में लोगों को 4,000 करोड़ से ज़्यादा स्पैम कॉल आए, जो धोखाधड़ी, परेशानी और डिजिटल जोखिम के बढ़ते खतरे को दिखाते हैं। भारत में हर फ़ोन कॉल का अपना महत्व होता है—यह अवसरों के द्वार खोल सकती है, ज़रूरी जानकारी पहुँचा सकती है या लोगों को गंभीर खतरे में भी डाल सकती है। जैसे-जैसे देश विकसित भारत के लक्ष्य के तहत तेज़ी से डिजिटल और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे संचार पर भरोसा प्रगति की एक अहम नींव बन गया है। ट्रूकॉलर की नई रिपोर्ट बताती है कि इनमें से 1,189 करोड़ अनचाही कॉल उपयोगकर्ताओं तक पहुँचने से पहले ही ब्लॉक कर दी गईं। इससे लाखों लोगों को ठगी, समय की बर्बादी और बेवजह के तनाव से बचाया जा सका, खासकर ऐसे समय में जब देश की अर्थव्यवस्था तेज़ी से डिजिटल रूप से जुड़ रही है। देश में 100 करोड़ से ज़्यादा सक्रिय फोन कनेक्शन हैं, जो व्यापार, शासन और व्यक्तिगत रिश्तों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में ट्रूकॉलर ने आज अपनी 2025 इंडिया इनसाइट्स रिपोर्ट जारी की है, जो डेटा के ज़रिए यह दिखाती है कि स्पैम और धोखाधड़ी देश के संचार के माहौल को कैसे बदल रहे हैं और टेक्नोलॉजी हर दिन करोड़ों लोगों की सुरक्षा कैसे कर रही है। यह रिपोर्ट 2025 के दौरान लिए गए इन निर्णयों के प्रभाव को सामने लाती है, साथ ही डिजिटल जोखिम के व्यापक स्तर और उससे बचाव के बढ़ते महत्व को भी स्पष्ट करती है। ऐसे देश में जहाँ कनेक्टिविटी हर स्तर पर अवसरों को आगे बढ़ा रही है, वहाँ भरोसा हमारी सबसे कीमती डिजिटल संपत्ति बन गया है, ट्रूकॉलर के सीईओ रिशित झुनझुनवाला ने कहा। आज धोखाधड़ी सिर्फ एक तकनीकी समस्या नहीं है, बल्कि एक मानवीय समस्या भी है। यह उन पलों में डर, जल्दबाज़ी और अनिश्चितता का फायदा उठाती है जो सबसे ज़्यादा मायने रखते हैं। हमारी ज़िम्मेदारी है कि किसी भी भारतीय को जुड़े रहने और सुरक्षित रहने के बीच चुनाव न करना पड़े। ट्रूकॉलर में हमारा फोकस बिल्कुल साफ है—लोगों को सुरक्षित रखते हुए जुड़ा रहने में मदद करना और नुकसान होने से पहले ही जोखिम को रोकना।

# संपादकीय

## पीयूष गोयल की टिप्पणी

यह कहना काफी नहीं है कि व्यापार समझौते पर बातचीत अभी चल रही है और उसे लिखा नहीं गया है। जब ऐसा होगा, तब पूरी जानकारी दी जाएगी। दरअसल, पीयूष गोयल की इस टिप्पणी ने अनिश्चय और बढ़ा दिया है। भारत- अमेरिका ट्रेड डील के बारे में डॉनल्ड ट्रंप की घोषणा से बने अनिश्चय के बीच वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने आनन-फानन में प्रेस कांफ्रेंस कर किसान एवं अन्य समूहों को आश्वस्त करने की कोशिश की। कहा कि कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को सुरक्षित रखा जाएगा। मगर इससे आशंकाएं दूर नहीं हुईं, तो उसकी वजह वॉशिंगटन से आ रहे बयान हैं। अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रूक रोलिंग्स और व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर ने बेलाग कहा है कि ट्रेड डील में कृषि शामिल है। यह भी कहा है कि अमेरिका के कृषि एवं औद्योगिक उत्पादों पर भारत शून्य आयात शुल्क लगाएगा। उधर ह्वाइट हाउस की प्रवक्ता केरोलीन लेविट कहा है कि भारत ना सिर्फ रूस से तेल खरीदना बंद करेगा, बल्कि अमेरिका और संभवत: वेनेजुएला से भी अधिक मात्रा में तेल खरीदेगा। ये वही बातें हैं, जिनका उल्लेख राष्ट्रपति ट्रंप ने किया था। इसलिए इन मुद्दों पर दो-टूक बयान की जरूरत है। यह कहना पर्याप्त नहीं है कि व्यापार समझौते के कई पहलुओं पर बातचीत चल रही है और उसे अभी लिखा नहीं गया है। जब ऐसा होगा, तब पूरी जानकारी दी जाएगी। दरअसल, गोयल की इस टिप्पणी ने प्रकरण पर और भी धुंध डाल दी है। क्या बिना डील संपन्न हुए ट्रंप ने एलान कर दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसके लिए उन्हें धन्यवाद दे दिया? ऐसा हुआ, तो उससे दोनों देशों के सर्वोच्च नेतृत्व की छवि और भी खराब होगी। फिर क्या भारत ऐसा आश्वासन लेने में सफल रहा है कि ट्रंप आगे चल कर ब्रिक्स+ की भारत की सदस्यता और ईरान जैसे देशों से व्यापारिक संबंध रखने को मुद्दा नहीं बनाएंगे? हाल में दक्षिण कोरिया से डील होने के बावजूद ट्रंप ने यह कर उस पर 25 फीसदी नया टैरिफ लगा दिया कि वह समझौते पर ठीक से अमल नहीं कर रहा है। ट्रंप के व्यवहार में ऐसी अस्थिरताएं भरी-पड़ी हैं। भारत सरकार का कर्तत्व्य इन तमाम पहलुओं का आकलन करते हुए आगे बढ़ना और देशवासियों को इस संबंध में अवगत रखना होना चाहिए। मगर फिलहाल आधी-अधूरी जानकारियों के आधार पर जश्न का माहौल बनाने की कोशिश होती हम देख रहे हैं।

# वीर महाराजा सूरजमल जाट की अमरगाथा

अधिवक्ता ललित शर्मा

13फरवरी 2026 को जाट शक्ति के महानायक, वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल जाट की 319वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान और गर्व के साथ मनायी जा रही है। भारत प्राचीनकाल से ही महान योद्धाओं और वीर सपूतों की उर्वर भूमि रहा है। इसी गौरवशाली परंपरा में महाराजा सूरजमल जाट का नाम पराक्रम, स्वाभिमान और शौर्य के प्रतीक के रूप में अत्यंत आदर एवं गर्व के साथ स्मरण किया जाता है।



महाराजा सूरजमल का जन्म 13 फरवरी 1707 ई0 को भरतपुर में हिन्दू जाट परिवार में हुआ इनके पिता का नाम राजा बदन सिंह और माता का नाम रानी देवकी था। महाराजा सूरजमल की मुख्य पत्नियों में महारानी किशोरी और हंसिया प्रमुख थी। उनके पुत्रों में सबसे प्रमुख और उत्तराधिकारी जवाहर सिंह थे। जिन्होंने महाराजा सूरजमल के बाद भरतपुर का शासन संभाला। 1755 से 1763 ई0 महाराजा सूरजमल ने भरतपुर रियासत की बागडोर संभालकर आपने कुशल, न्यायप्रिय और जनहितकारी शासन से राज्य को नई ऊँचाइयों तक पहँचाया। महाराजा सूरजमल अद्बितीय शौर्य और साहस के धनी महान योद्धा थे, जिन्होंने अपने जीवन काल में कई युद्धों में विजय पताका फहराकर इतिहास में अमिट छाप छोड़ दी। 1746 में चंदौस का युद्ध महाराजा सूरजमल और मुगल अफगान सरदार असद खान के बीच अलीगढ़ में लड़ा गया। घटना इस प्रकार है, दिल्ली के मुगल बादशाह को कोइल(अलीगढ़) के नवाब फतेहअली खान ने नाराज कर दिया उसे दंडित करने लिए बादशाह ने अफगान सरदार असद खान को भेजा। इस युद्ध में महाराजा सूरजमल कोरल(अलीगढ़) के नवाब फतेह खान की जागीर बचाने के लिए लड़ रहे थे। इस युद्ध में असद खान मारा गया और शाही सेना पराजित हुयी। फतेह खान ने भरतपुर राज्य की अधीनता स्वीकार कर ली। चंदोस की विजय जाट शक्ति उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुयी और इससे भरतपुर रियासत की प्रतिष्ठा और सामरिक शक्ति दोनों में वृद्धि हुयी। 1748 के बगरू युद्ध ने सूरजमल को अद्भुत सैनिक नेतृत्व और रणकौशल का प्रतीक बनाते हुए एक प्रमुख योद्धा के रूप में इतिहास में स्थापित कर दिया। 1748 में जयपुर राज्य में उत्तराधिकार को लेकर ईश्वरी सिंह और माधो सिंह के बीच संघर्ष छिड़ गया इस अवसर पर राजकुमार सूरजमल ने जयपुर के शासक ईश्वरी सिंह का साथ देते हुए अपनी सेना के साथ युद्ध में भाग लिया। उन्होंने लगभग 10 हजार सैनिकों के मजबूत सैन्य समर्थन प्रदान किया परिणामस्वरूप मराठा दलों को पीछे हटने पर मजबूत सैन्य समर्थन प्रदान किया परिणामस्वरूप मराठा दलों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया जो माधो सिंह के समर्थन में लड़ रहे थे। ईश्वरी सिंह अपना सिंहासन सुरक्षित रखने में सफल रहे। मुगल सम्राट ने अवध और इलाहबाद राज्य को अवध राज्य के वजीर सफ्दरजंग से वापस ले लिया था। इस बात से नाराज होकर सफ्दरजंग ने दिल्ली पर हमला कर दिया और सूरजमल भी इस युद्ध में सफ्दरजंग का साथ दे रहे थे। सूरजमल और सफ्दरजंग के समर्थकों ने चारबाग, बाग-ए-कुलतात और हकीम मुनीम पुल को लूटा। सूरजमल और सफ्दजंग की संयुक्त सेना ने दिल्ली पर हमला किया सादिल खान और राजा देवीदत्त को युद्ध में पराजित किया। जनवरी से मई 1754 में भरतपुर के महाराजा सूरजमल जाट और मराठ(रघुनाथराव), मुगल व जयपुर की संयुक्त सेनाओं के बीच लड़ा गया। इस युद्ध में महाराजा सूरजमल ने अद्भुत वीरता का परिचय दिया 80 हजार सेना का सामना किया। युद्ध में मराठा सेनापति खंडेराव होल्कर की मृत्यु हो गई और महाराजा सूरजमल विजय के साथ संधि हुयी। इस युद्ध में सूरजमल ने साबित कर दिया वे एक उत्कृष्ट सैन्य रणनीतिकार थे उन्होने सीमित संसाधनों के बावजूद मुगलों और मराठों की संयुक्त सेना को टक्कर दी। 1756 ई0 में महाराजा सूरजमल जाट ने अलवर किले पर अधिकार कर लिया। एक महीने के घेराबंदी के बाद, सूरजमल ने 12जून 1761 को आगरा किले पर कब्जा कर लिया। महाराजा सूरजमल ने 1761-1763 के बीच पानीपत के तीसरे युद्ध के बाद हरियाणा क्षेत्र में अपनी शक्ति विस्तार करते हुए मुगलों और बलूच शासकों को हराकर रोहतक, झज्जर, गुडगांव, पलवल, फरीदाबाद, रेवाड़ी और मेवात को अपने अधिकार में कर लिया। इतिहास में ऐसे विरले ही राजा हुए हैं जिन्होंने अपने जीवन में कोई युद्ध न हारा हो। महाराजा सूरजमल उन्हीं महान योद्धाओं में से एक थे। उन्होंने लगभग 80 युद्धों में विजय प्राप्त की और कभी पराजय का सामना नहीं किया। मुगलों, अफगानों तथा रोहिल्लाओं जैसी शक्तिशाली ताकतों को अनेक बार रणभूमि में परास्त कर अपनी वीरता, रणनीति और नेतृत्व का लोहा मनवाया। युगपुरूष, अद्बितीय वीर, और महान योद्धा महाराजा सूरजमल को आमने-सामने की रणभूमि में कोई भी शत्रु परास्त नहीं कर सकता था। 25 दिसम्बर 1765 को दिल्ली की रक्षा के लिए जाते समय नवाब नजीबुद्दौला की मुगल रोहिल्ला सेनाओं ने धोखे से उन पर हमला किया घात लगाकर उनकी हत्या कर दी। महाराजा सूरजमल के अद्बितीय गुणों वीरता और कुशल नेतृत्व के कारण विद्वानों ने उन्हें अनेक सम्मानजनकसूचक उपनाम प्रदान किए युद्धनीति, कूटनीति, और वीरता के कारण ''जाटों का प्लेटो'' कहा जाता था। हिंदू धर्म और संस्कृति के रक्षक के रूप में उन्हें ''हिंदुजा सूरज'' कहते थे। अपनी अजेयता के कारण ''अजेय योद्धा'' ब्रजक्षेत्र में शासन होने के नाते उन्हें ''श्रीमहाराजा विराजमान बृजेन्द्र महाराजा'' कहा जाता था। पश्चिमी इतिहासकारों द्वारा उनकी बुद्धिमता के लिए ''जाटों का ''ओडिसीस'' कहा जाता था। महाराजा सूरजमल उच्चकोटि के दूरदर्शी और कुशल रणनीतिकार थे। उन्होंने तृतीय पानीपत के युद्ध से पूर्व मराठा सेनापति सदाशिव राव को कई महत्वपूर्ण और व्यवहारिक सुझाव दिए थे, किन्तु सदाशिव राव ने उन सुझावों को स्वीकार नहीं किया परिणामस्वरूप मराठों को भीषण पराजय का सामना करना पड़ा। अनेक इतिहासकार और विद्वानों का मत है कि यदि सदाशिव राव ने महाराजा सूरजमल की सलाह मान ली होती, तो पानीपत के तृतीय युद्ध का परिणाम संभवत: कुछ और होता। महाराजा सूरजमल ने जनता के कल्याण के लिए प्रमुख कार्य किए वह किसानों की समस्याओं को स्वयं सुनते थे। उन्होंने खेती को बढ़ावा दिया और उचित प्रणाली लागू की। उन्होंने भरतपुर में ऐसा अभेध किला बनवाया जिसे अंग्रेजों की सेना भी नहीं तोड़ सकी। यह किला प्रजा के लिए सुरक्षा कवच था। व्यापारियों को सुरक्षा एवं व्यापारिक सुविधा दी जिससे भरतपुर एक व्यापारिक केन्द्र के रूप में विकसित हुआ। उनका शासन ''रामराज'' जैसा माना जाता था, जहां प्रजा को बिना भेदभाव के न्याय मिलता था। उन्होंने कुम्हेर डीग और भरतपुर में सुदरमहल, बाग, मंदिर बनवाए और उन्होंने जाति धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर सभी को सम्मान दिया। महाराजा सूरजमल के सम्मान में भारत सरकार और विभिन्न संस्थानों ने कई कदम उठाए हैं। उनके सम्मान में दिल्ली में महाराजा सूरजमल मेट्रो स्टेशन, महाराजा सूरजमल इंस्टीयूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली से लेकर भरतपुर और अन्य शहरों में उनकी प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। भारत सरकार ने उनकी बहादुरी के लिए डाक टिकट जारी किया। हर साल 25 दिसंबर को उनके बलिदान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महाराजा सूरजमल केवल भरतपुर राज्य के शासक नहीं थे, बल्कि वे अदम्य साहस, दूरदर्शी नीति, कुशल नेतृत्व और लोककल्याण की भावना के प्रतीक थे। उनका जीवन हमें यह संदेश देता है कि सच्चा नेतृत्व त्याग, पराक्रम और राष्ट्रप्रेम से जन्म लेता है। उनकी अमरगाथा सदैव भारतीय इतिहास में गौरव और स्वाभिमान की ज्योति प्रज्वलित करती रहेगी।

## आलेख

# भारत को अपनी उपलब्धियों को बचाए रखने हेतु एआई के उपयोग की जरूरत

सुश्री रुबल चिब

भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर चल रहा विमर्श अब परिपक्व होता जा रहा है। ध्यान अब अमूर्त क्षमता से हटकर व्यावहारिक प्रभाव पर केन्द्रित होता जा रहा है। चर्चा एआई की सैद्धांतिक क्षमता से हटकर व्यवहार में उसके द्वारा हल की जा सकने वाली समस्याओं पर टिकती जा रही है। खाद्य और कृषि जैसे कुछ ही क्षेत्र इस अंतर को इतनी स्पष्टता से दर्शा पा रहे हैं। ये वो क्षेत्र हैं जहां अक्षमताएं मामूली नहीं बल्कि प्रणालीगत हैं और प्रौद्योगिकी को जहां जलवायु, लॉजिस्टिक्स एवं बाजार से जुड़ी गहरी स्थानीय वास्तविकताओं के दायरे में काम करना चाहिए। खाद्य प्रणालियां इस समस्या को स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं। भारत अपनी आबादी को खिलाने के लिए पर्याप्त से अधिक उत्पादन करता है, फिर भी अनुमानित 68 मिलियन टन भोजन हर साल बर्बाद हो जाता है। इसमें अनियमित आपूर्ति, खराब गुणवत्ता मूल्यांकन और खंडित आपूर्ति श्रृंखलाओं के कारण कटाई के बाद 35-40 प्रतिशत फल एवं सब्जियां नष्ट हो जाती हैं। संकट उत्पादन का नहीं, बल्कि रोके जा सकने वाले नुकसान का है। यह नुकसान किल्लत का नहीं, बल्कि पैदावार एवं उपभोग और आंकड़ों एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया के बीच के असंतुलन का नतीजा है। सालों से, गुणवत्ता और समय से जुड़ी विश्वसनीय एवं वास्तविक जानकारियों का अभाव भारतीय किसानों तथा नियामकों के लिए एक चुनौती बना हुआ है। जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप डिजाइन किया जाता है, तो यह इस खाई को पाटने का एक रास्ता खोलती है। जैविक वास्तविकता और आर्थिक निर्णय लेने की प्रक्रिया के बीच की यह खाई ही वह क्षेत्र है जहां व्यावहारिक एआई का खासा कारगर हो सकता है। क्यूजेंस लैब्स में, हमारा काम एक साधारण अवलोकन से शुरू हुआ: अब जबकि भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे ने भुगतान, पहचान और सेवाओं की आपूर्ति को पूरी तरह बदल दिया है, गुणवत्ता का आकलन करने के तरीके के मामले में खाद्य अर्थव्यवस्था काफी हद तक एनालॉग ही बनी हुई है। 'क्यूस्कैन' नाम की जो एआई-संचालित संवेदन प्रणाली हमने विकसित की है, वह फलों और सब्जियों में आंतरिक गुणवत्ता संबंधी संकेतों को पकड़ने हेतु अवरक्त (इंफ्रारेड) स्पेक्ट्रोस्कोपी तथा कृत्रिम सूंघने की क्षमता (आर्टिफीशियल ओल्फैक्शन) का उपयोग करती है और उन्हें निर्णय लेने के समय उपयोगी जानकारियों में परिवर्तित करती है। इरादा स्वचालन को सिर्फ दिखावे की मंशा से लागू करना भर नहीं, बल्कि कम लाभ पर काम करने वाले उपभोक्ताओं, किसानों और खुदरा विक्रेताओं के लिए अनिश्चितताओं को कम करना था। इस अनुभव से यह बात स्पष्ट हो गई है कि एआई की प्रभावशीलता मूल रूप से संदर्भ पर निर्भर करती है। विदेशी आंकड़े (डेटासेट) या मानकीकृत आपूर्ति श्रृंखलाओं पर प्रशिक्षित मॉडल भारत की उन विविधता भरी परिस्थितियों में विफल हो जाते हैं, जहां फसलों की किस्में, जलवायु, भंडारण की पद्धतियां और बाजार की संरचनाएं विभिन्न क्षेत्रों में बिल्कुल ही अलग-अलग होती हैं। खासकर खाद्य प्रणालियों में, सटीकता को स्थानीयता से अलग नहीं किया जा सकता। भारतीय उपज, भारतीय लॉजिस्टिक्स और भारतीय व्यवहारिक मानदंडों को न समझने वाली एआई के लिए न्यूनतम रूप से अप्रासंगिक और अधिकतम रूप से भ्रामक होने का जोखिम होता है। इसीलिए संप्रभु एवं घरेलू जड़ों में निहित एआई पर वर्तमान नीतिगत जोर सामयिक और जरूरी, दोनों है। 'इंडियाएआई मिशन' कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रति राज्य के दृष्टिकोण में एक स्पष्ट बदलाव का संकेत देता है - इसे रोजमर्रा की वास्तविकताओं से कटे एक अत्याधुनिक तकनीक के रूप में नहीं, बल्कि विकासात्मक बुनियादी ढांचे के रूप में देखा जा रहा है। स्वदेशी एआई अनुप्रयोगों के लिए लक्षित वित्तपोषण, राष्ट्रीय कंप्यूटिंग क्षमता में निवेश, भारतीय डेटासेट के लिए समर्थन और क्षेत्र-विशिष्ट समाधानों को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों के जरिए, यह मिशन सक्रिय रूप से एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है जहां नवाचार स्थानीय जरूरतों पर आधारित है। स्वदेशी मॉडलों, स्टार्टअप और जनहित की परियोजनाओं का समर्थन करके, यह मिशन अन्य भौगोलिक क्षेत्रों से लिए गए।

# भारत टैक्सी-सहकारिता का नया आयाम

डा. अश्विनी महाजन

भारत टैक्सी रोजगार, मोबिलिटी, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है। यह एक जीता-जागता उदाहरण है कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर कैसे देश के हित में काम कर सकता है। जैसे यूपीआई ने भुगतान को बदला, वैसे ही भारत टैक्सी जैसे ओएनडीसी पर आधारित प्लेटफॉर्म सेवा और ई-कॉमर्स को बदल देंगे पांच फरवरी 2026 को, गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अमूल समेत कई सहकारी संस्थाओं के साथ मिलकर सहकारिता मंत्रालय की पहल के तौर पर भारत टैक्सी लॉन्च की। प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए भारत टैक्सी उबर और ओला की तर्ज पर टैक्सी सेवाएं प्रदान करेगी। यानी भारत टैक्सी ऐप इस्तेमाल द्वारा अब यात्री अपनी यात्रा बुक कर सकेंगे। भारत टैक्सी की खासियत यह है कि यह किसी कंपनी द्वारा चलाई गई ऐप नहीं है। इस उपक्रम के मालिक स्वयं ड्राइवर होंगे, और अब वे ड्राइवर नहीं सारथी कहलाएंगे। जो यात्रा इस ऐप के माध्यम से बुक की जाएगी उस पर सारथी यानी ड्राइवर को कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। गौरतलब है कि उबर, ओला और अन्य टैक्सी ऐप में ड्राइवरों को वर्तमान में 10 से 30 प्रतिशत तक का शुल्क देना पड़ता है। यह आत्मनिर्भर भारत और सहकार से समृद्धि की दिशा में एक मजबूत कदम है। भारत टैक्सी, जो एक कोऑपरेटिव मॉडल पर बनी है, जहां ड्राइवर सिर्फ सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि हितधारक भी हैं। पूर्व के ऐप प्लेटफॉर्म के उलट, भारत टैक्सी का मॉडल जीरो-कमीशन का है, जिससे यह पक्का होता है कि ड्राइवरों को उनकी सही कमाई मिलती रहे। भारत टैक्सी मॉडल के चार स्तंभ हैं सारथियों को ज्यादा आमदनी, सम्मान, सुरक्षा और लाभ में हिस्सा। कैसे बढ़ेगी आमदनी : एक उदाहरण से यह स्पष्ट हो जाएगा कि कैसे एक ड्राइवर उबर, ओला या किसी अन्य कंपनी के ऐप पर ट्रिप खोजते हुए काम करता है। इन ऐप्स के कारण कमीशन, आय के नुकसान के कारण नाहक शोषण का शिकार होता है। उदाहरण के लिए यदि कोई ड्राइवर दिन में 14 ट्रिप करता है और लगभग 250 किलोमीटर की यात्रा करता है, जिसमें 300 रुपए प्रति ट्रिप का औसत किराया होता है, जिसका मतलब लगभग 14-15 घंटे काम करना हो सकता है, तो उसे 4200 रुपए की आय होगी। लेकिन यह आय वास्तव में उसकी नहीं है, वास्तव में इस आय का आधा भी उसका नहीं है। वास्तव में कंपनी औसतन इस आय का लगभग 25 प्रतिशत प्लेटफॉर्म शुल्क के रूप में लेती है, यानी 1050 रुपए सीधे कंपनी को जाते हैं। फिर, ड्राइवर को टैक्सी चलाने के लिए पेट्रोल/सीएनजी का भुगतान करना पड़ता है, 4 रुपए प्रति किलोमीटर माने तो




लगभग 1000 रुपए। या फिर अगर कार किसी बैंक या संस्था से फाइनेंस करवाई गई है तो ईएमआई देनी पड़ सकती है और मेंटेनेंस के लिए भी रकम खर्च करनी पड़ सकती है। इसलिए, ड्राइवर को एक दिन में 14-15 घंटे काम करने पर सिर्फ 1150 रुपए बचेंगे, औसतन लगभग 80-85 रुपए प्रति घंटा। अब, भारत टैक्सी से जुडने वाले ड्राइवरों के बिना किसी कमीशन मॉडल के, अच्छे-खासी राशि की कमीशन बचाने से, उतने काम से उनकी आमदनी बढकर 2150 रुपए प्रति दिन हो जाएगी, यानी 160 से 170 रुपए प्रति घंटा। इससे वह ज्यादा आराम के घंटे चुन सकते हैं, जिन्हें वह अपने परिवार के साथ बिता सकते हैं, जिससे उनका आराम और इनकम दोनों बेहतर होंगे। इसलिए, भारत टैक्सी न सिर्फ ड्राइवर, जो अब सारथी है, की आमदनी बेहतर करती है, बल्कि उसकी और उसके परिवार की खुशी भी बढ़ाती है। सम्मान : सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अब ड्राइवर को सम्मान के साथ काम मिलेगा। अब वो इस सहकारी टैक्सी सेवा हेतु बनी सहकारी समिति का स्वयं सदस्य भी होगा। यह मोबिलिटी इकोसिस्टम की रीढ़ ड्राइवर को सम्मान वापस दिलाता है, जिसके वो हकदार हैं। सुरक्षा : यही नहीं अब भारत टैक्सी से जुड़े सारथियों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज, बीमा, सस्ते लोन, सब्सिडी और गिग वर्कर्स के लिए सभी स्कीम जैसे फायदे मिलेंगे। लाभ में हिस्सेदारी : चूंकि भारत टैक्सी मॉडल में ड्राइवर यानी सारथी अब स्वयं भारत टैक्सी सहकारी संस्था के सदस्य होंगे, उन्हें इसके लाभों में भी बराबर की हिस्सेदारी मिलेगी। ये हिस्सेदारी अमूल मॉडल की तर्ज पर होगी। सर्वविदित है कि अमूल मॉडल में दुग्ध उत्पादक किसानों को अमूल सहकारी संस्था में न केवल दूध का सही मूल्य मिलता है, बल्कि उसके लाभ में भी हिस्सेदारी मिलती है। यात्रियों को फायदा : अपना मुनाफा ज्यादा से ज्यादा करने के लिए, टैक्सी प्लेटफॉर्म आम तौर पर ज्यादा मांग के नाम पर सर्ज प्राइसिंग करते हैं, जिससे यात्रियों को ज्यादा किराया देना पड़ता है, कभी-कभी तो सामान्य किराए से 2 से 3 गुना ज्यादा। भारत टैक्सी के साथ यह तरीका खत्म हो जाएगा, जिससे यात्रियों को ज्यादा मांग के नाम पर ऊंचा किराया देने से राहत मिल जाएगी। सार्वजनिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर : भारत टैक्सी ओएनडीसी (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) पर बनी है, जो कि फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसे कोऑपरेशन मंत्रालय की देखरेख में विकसित किया गया है। ओएनडीसी एक खुला, पारदर्शी और एकाधिकार विहीन डिजिटल फ्रेमवर्क है, जो भारत के खुलेपन और निष्पक्षता के सभ्यागत मूल्यों के साथ जुड़ा हुआ है। ओएनडीसी बंद प्लेटफॉर्म के दबदबे को तोड़ता है और छोटे ऑपरेटरों और कोऑपरेटिव के लिए बराबर मौके पक्का करता है। भारत टैक्सी का ओएनडीसी फ्रेमवर्क पर चलाया जाना इस आशा को भी बलवती करता है कि ई-कॉमर्स के अन्य क्षेत्रों में भी सहकारिता के आधार पर ही डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से निजी काम करने वाले लोगों।

# पैन इंडिया हिंदुत्व की राजनीति

अजीत द्विवेदी

राजनीतिक और सामाजिक बदलाव के लिहाज से यह बहुत दिलचस्प समय दिख रहा है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी पैन इंडिया हिंदुत्व की राजनीति को स्थापित करने की बेहद आक्रामक राजनीति कर रही है। उसने 80 और 20 वाली राजनीति को उत्तर प्रदेश की सीमा से निकाल कर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पूरे देश में आजमाने की राजनीति शुरू की है तो दूसरी ओर प्रादेशिक पार्टियों के पास इसकी काट के लिए सिर्फ भाषायी और क्षेत्रीय पहचान का मुद्दा दिख रहा है। कांग्रेस इस पूरे विमर्श से बाहर हो गई दिखती है। ऐसा लग रहा है कि उसको कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि किस वैचारिक धरातल पर अपनी राजनीतिक रणनीति बनाए। तभी देश का राजनीतिक मुकाबला भाजपा बनाम प्रादेशिक पार्टियों का बनता जा रहा है। महाराष्ट्र में इसकी एक परीक्षा हुई है और भाजपा ने मराठी मानुष की पहचान की उद्धव और राज ठाकरे की राजनीति को बुरी तरह से परास्त किया। ध्यान रहे भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति के प्रत्युत्तर के तौर पर ही उद्धव ठाकरे ने मुंबई में कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी का साथ छोड़ा और राज ठाकरे से हाथ मिलाया। उद्धव नरम तो राज ठाकरे गरम राजनीति कर रहे थे। राज ठाकरे ने उत्तर और दक्षिण भारतीयों के खिलाफ जहर उगला तो गुजरातियों के खिलाफ भी जबरदस्त आक्रामकता दिखलाई। लेकिन चुनाव जीतने के लिहाज से यह राजनीति कम पड़ गई। मुंबई में तो फिर भी उद्धव ठाकरे की जमीन कुछ बची लेकिन वहां से बाहर उनकी पार्टी पूरी तरह से साफ हो गई। बृहन्नमुंबई महानगरपालिका यानी बीएमसी के चुनाव से भाषायी और क्षेत्रीय पहचान की राजनीति की सीमाएं उजागर हुई हैं। हालांकि मुंबई या किसी अन्य महानगर में पहचान की राजनीति की विफलता के आधार पर यह नहीं माना जा सकता है कि पूरे प्रदेश में यह राजनीति विफल हो जाएगी। इसका कारण यह है कि महानगरों की जनसंख्या संरचना काफी बदल गई है। मुंबई जैसे महानगर में 25 फीसदी के करीब आबादी उत्तर भारतीयों की है। लेकिन अगर पूरे महाराष्ट्र में मराठी अस्मिता के आधार पर चुनाव हो तो नतीजे अलग हो सकते हैं। तभी भाजपा भी मराठी और हिंदुत्व दोनों अस्मिताओं को एक साथ लेकर चलती है। बहरहाल, इस राजनीति की पड़ताल अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में होने वाली है। ये पांचों राज्य भाषायी और क्षेत्रीय पहचान की राजनीति वाले राज्य हैं। पश्चिम बंगाल में बांग्ला अस्मिता का मुद्दा है तो असम में भाषा और संस्कृति दोनों राजनीतिक संघर्ष का विषय बने हैं। उधर तमिलनाडु में भाषायी और क्षेत्रीय दोनों अस्मिता का मुद्दा है तो केरल में अब जाकर सत्तारूढ़ लेफ्ट पार्टी ने मलयालम भाषा की अस्मिता को राजनीति में आजमाने का फैसला किया है। राज्य की लेफ्ट मोर्चा की सरकार ने केंद्र सरकार की ओर से हिंदी थोपे जाने का मुद्दा उठाया है और मलयालम भाषा बिल पेश किया है, जिसका मकसद मलयालम को नंबर एक और पहली भाषा बनाना है। हालांकि इसे लेकर हिंदी की बजाय कन्नड़ से उसका टकराव शुरू हो गया है। कर्नाटक से लगती सीमा के पास बड़ा इलाका ऐसा है, जहां केरल के लोग कन्नड़ बोलते हैं। खैर यह स्थानीय मामला है, जिसे वही के स्तर पर सुलझाया जाएगा। लेकिन केरल में मलयालम भाषा का मुद्दा बनना यह दिखाता है कि पहचान की राजनीति किस दौर में पहुंच गई है और भाजपा के हिंदुत्व व विकास के नैरेटिव का मुकाबला करने के लिए पार्टियां किस हद तक इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भाजपा की बढ़ती ताकत से आशंकित हैं। इसलिए वे भाजपा के हिंदुत्व और विकास के नैरेटिव का मुकाबला करने के लिए इस बार सिर्फ बांग्ला भाषा, अस्मिता व संस्कृति के नैरेटिव पर भरोसा नहीं कर रही हैं, बल्कि उसमें हिंदुत्व का तड़का भी लगा रही हैं। उन्होंने बुनियादी रूप से बांग्ला अस्मिता का मुद्दा बनाया है और बांग्ला भाषियों पर दूसरे राज्यों में हो रहे कथित उत्पीड़न को बार बार उठा रही हैं। लेकिन उनको इसकी सीमा का पता है क्योंकि यह मुद्दा उठाने के बावजूद पिछले सात-आठ साल में भाजपा 40 फीसदी वोट तक पहुंच गई है और यह बात ममता बनर्जी को चिंता में डाले हुए है। इसलिए उन्होंने इस बार हिंदुत्व का मुद्दा उसमें जोड़ दिया है। उन्होंने न्यू कोलकाता टाउन में दुर्गा आंगन की नींव रखी है, जहां सरकार 332 करोड़ रुपए में सबसे बड़ा दुर्गा मंदिर बनवाएगी। इसी तरह सिलिगुड़ी में सबसे बड़े महाकाल मंदिर की नींव उन्होंने रखी। इस मंदिर पर करीब चार सौ करोड़ रुपए सरकार खर्च करेगी। इसकी नींव रखते हुए ममता ने जितनी बार 'हर हर महादेव' और 'रक्षा करो महादेव' के नारे लगाए उससे नरेंद्र मोदी के काशी में दिए जाने वाले भाषण याद आ गए। इससे पहले ममता दीघा में जगन्नाथ धाम बनवा चुकी हैं। उन्होंने दुर्गापूजा में पंडालों को पहले से ज्यादा पैसे बांटे हैं। सो, वे भाषायी और सांस्कृतिक अस्मिता के साथ हिंदुत्व का मुद्दा जोड़ रही हैं ताकि भाजपा का मुकाबला कर सकें। भाजपा महाराष्ट्र और गुजरात में ऐसे चुनाव लड़ती है। उधर एमके स्टालिन पूरी तरह से भाषायी और क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे पर भाजपा से टक्कर लेते दिख रहे हैं। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि उनके प्रदेश की भौगोलिक स्थिति पश्चिम बंगाल से भिन्न है और जनसंख्या संरचना भी उससे अलग है। बंगाल से शेष भारत की भौगोलिक दूरी कभी भी वैसी नहीं रही है, जैसे विंध्य पार के राज्यों की है और ऊपर से बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी होने की वजह से ममता की मुश्किलें स्टालिन के मुकाबले ज्यादा हैं। बहरहाल, स्टालिन पूरी तरह से तमिल अस्मिता और भौगोलिक विभाजन पर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका जवाब देने के लिए भाजपा के पास सीधे कोई मुद्दा नहीं है और इसलिए उसने अन्ना डीएमके से तालमेल करके उसको आगे किया। भाजपा का कुछ काम नई बनी पार्टी के नेता विजय भी कर सकते हैं। फिर भी बाकी राज्यों के मुकाबले तमिलनाडु का मामला अलग है। वहां भाजपा के पास भाषायी और क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे का जवाब नहीं है।असम की स्थिति तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के बीच वाली है। असमिया भाषा और अहोम संस्कृति का मुद्दा असम में केंद्रीय नहीं है।

## बुद्धिमान व्यक्ति अवसर चूकते नहीं, अवसर को भुनाते हैं : मुनि प्रणम्य सागर महाराज

**कामां ( विश्व परिवार )।** सकल दिगंबर जैन समाज कामवन कामां द्वारा आयोजित अर्हम योग कार्यक्रम में अर्हम योग प्रणेता दिगम्बर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बुद्धिमान व्यक्ति वही है जो अवसर को चूकते नहीं अपितु अवसर को भुनाते हैं और कामां जैन समाज ने इस अवसर को भुना लिया है इसलिए आप कोमा में नही अपितु बुद्धिमान हैं।



योग के महत्व को बताते हुए प्रणम्य सागर ने कहा कि ध्यान ही योग है और हमारे तीर्थंकरों ने भी ध्यान से ही केवल ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति की थी। जितना आप योग करेंगे उतने ही स्वयं को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे। उन्होंने कहा कि जैसे णमोकार महामंत्र के बीजाक्षरों का महत्व है वैसे ही 卐ओं अर्हम नम:卐 बीजाक्षरों का भी महत्व है। जो असाता वेदनीय कर्म को दूर कर अंतरंग के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। योग प्रणेता ने कहा कि हमारा शरीर पांच तत्वों से बना हुआ है जिन्हें जैन दर्शन में पंच स्थावर जीव के माध्यम से जाना जाता है।पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, वनस्पति स्थावर जीव की श्रृंखला में आते हैं। पंच मुद्राएं हमें निरोगी बनाती हैं और शरीर में भी पंच प्रमुख केंद्र यथा शक्ति,आनंद,विशुद्धि, ज्ञान,सिद्धि के रुप मे प्रमुख होते हैं। इन पंच मुद्राओं का सहारा लेकर पंचम गति को प्राप्त करना ही हमारा उद्देश्य है। मुनि श्री के सानिध्य में उपस्थित जैन समाज की महिला व पुरुषों ने पांच प्रमुख तत्वों के साथ ओं अर्हम नम: का उच्चारण करते हुए पंच परमेष्ठी अरिहंत,सिद्ध,आचार्य, उपाध्याय, मुनि मुद्राओं का अभ्यास पांच प्रमुख केंद्रों के माध्यम से किया।

*बोलखेड़ा के लिए हुआ

## कामठी में विधायक भावना बोहरा 151 पार्थिव शिवलिंग में एक साथ करेंगे रुद्राभिषेक

**पंडरिया ( विश्व परिवार )।** इस वर्ष 15 फ़रवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा शिवभक्तों के लिए विशेष आयोजन किया गया है। पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम कामठी में 151 पार्थिव शिवलिंग में हजारों विवाहित जोड़ें और श्रद्धालु एक साथ पुरे विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवन भोलेनाथ का रुद्राभिषेक करेंगे और अपने परिवार के साथ-साथ पंडरिया विधानसभा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की प्रगति एवं सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

इस पुण्य अवसर पर शामिल होकर रुद्राभिषेक करने हेतु विवाहित जोड़ों और श्रद्धालुओं को अपना पंजीयन कराना होगा जिसके लिए वे अपनी नजदीकी जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र (विधायक कार्यालय) से पंजीयन पत्र प्राप्त कर उसमें उल्लेखित जानकरी दर्ज कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।



रुद्राभिषेक के पश्चात् पुरे विधि-विधान के साथ पार्थिव शिवलिंग का प्रवाह संस्कार किया जाएगा। इस अवसर पर भंडारा एवं महाप्रसादी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक अनुराग शर्मा द्वारा सांकृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है। इस आयोजन को लेकर जनता में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है और अब तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपना पंजीयन कराया है।

## दान करने से उभय लोक में यथेष्ट सफलता प्राप्त होती है: अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज


**औरंगाबाद( विश्व परिवार )।** सकल दिगम्बर जैन समाज भारत के तत्वावधान में बुधवार को सहस्त्र कूट जिनालय विज्ञा तीर्थ गुन्सी में मंगल प्रवेश किया। अखिल भारतीय जैन धर्म प्रचारक विमल पाटनी एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि आचार्य प्रसन्न सागर महाराज संध सहित बुधवार को विज्ञा तीर्थ गुन्सी पहुंचे जहां विज्ञा तीर्थ कमेटी कार्याध्यक्ष सुनील भाणजा, नवरत्न टोंग्या, महावीर प्रसाद पराणा, गोपाल कठमाणा, अमित कटारिया, विमल पाटनी, इन्दू मित्तल, कमलेश झिलाय, लालचंद कठमाणा, अनिल बनेठा, जैन सोशल ग्ररुप के हितेश छाबड़ा, राजस्थान जैन सभा उपाध्यक्ष चेतन निमोड़िया, अनोखी पत्रिका के सम्पादक मनीष बैद, विष्णु बोहरा, महेंद्र चंवरिया, अमित सिरस, यश संधी, चिराग टोंग्या, अक्षय पांडया, चन्द्रेश जैन, मुकेश बनेठा, त्रिलोक रजवास, अशोक भाणजा, महेश मोठूका, नेमीचंद सिरस, अनिल भाणजा, रवि भाणजा, सहित अनेक लोगों ने आचार्य श्री प्रसन्न सागर महाराज



का पाद् प्रक्षालन कर अगुवानी की एवं चाकसू कोथून से विज्ञा तीर्थ पर विहार करवाया। विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि सांयकाल विज्ञा तीर्थ पर आचार्य श्री प्रसन्न सागर महाराज संध ने स्वाध्याय प्रतिक्रमण करते हुऐ सामायिक किया। आचार्य श्री के मंगल विहार में जिनोदय युवा संघ, जयपुर, चाकसू, निवाई, टोंक, पदमपुरा कमेटी एवं राजस्थान जैन सभा, जैन सोशल ग्ररुप निवाई, एवं महिला मण्डल निवाई के श्रद्धालुओं ने विहार में पुण्य लाभ लिया। इस अवसर पर आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को कहा कि संसार में अनेक विचार धाराओं के मनुष्य होते हैं कुछ तो ऐसे होते हैं जो दान देने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। अवसर की खोज करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि दया करुणा भक्ति एवं प्रेम के साथ अपने पास जो कुछ है उसमें से कुछ दूसरों के लिए दे देने को दान कहते हैं अथवा किसी को कोई वस्तु समर्पित करने को दान कहते हैं। दान देने वाला दाता कहलाता है और दान लेने वाला पात्र कहा जाता है। आचार्य श्री ने कहा कि दान को आगम की दृष्टि से चार भागों में विभाजित किया गया है ज्ञान दान, आहार दान, औषधि दान, और अभय दान। इसके अतिरिक्त दीन दुखी प्राणियों को करुणा भाव से उनकी आवश्यकता की पूर्ति के साधन प्रदान करना करुणा दान है।

## अनुपम सागर जी, विनिशोध सागर जी, सर्वार्थ सागर जी महाराज एवं विन्ध्य श्री माता जी की जन्मभूमि सलेहा में सजेगा धर्म का विराट महाकुंभ

**सलेहा ( मध्यप्रदेश )।** त्रिनेत्रोदय अतिशय क्षेत्र श्री श्री 1008 शातिनाथ दिगंबर जैन मंदिर की पावन एवं गौरवशाली धरती, जहाँ पूज्य अनुपम सागर जी, विनिशोध सागर जी, सर्वार्थ सागर जी महाराज तथा पूज्य विन्ध्यश्री माताजी का जन्म हुआ, वहीं अब धर्म का विराट महाकुंभ साकार होने जा रहा है।




इस पुण्य अवसर पर भव्यातिभव्य श्री श्री 1008 आदिनाथ जिनबिम्ब के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन इस भूमि की तप, त्याग, साधना और आध्यात्मिक परंपरा का गौरवपूर्ण प्रतीक बनेगा।

विशेष रूप से सर्वार्थ सागर जी महाराज की विचित्र बातों ने धर्म को सरल, प्रभावशाली और जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी वाणी ने असंख्य श्रद्धालुओं के जीवन में आत्मचिंतन और जागृति का संचार किया है।

यह महा-महोत्सव परम पूज्य आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं सान्निध्य में संपन्न होगा। पंचकल्याणक के विधिविधान, धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचनमाला एवं विश्वशांति महायज्ञ के माध्यम से समूचा क्षेत्र धर्ममय वातावरण से आलोकित होगा।

समस्त समाज में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह और श्रद्धा व्याप्त है। श्रद्धालुजन अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आध्यात्मिक महोत्सव के साक्षी बनने को उत्सुक हैं।

## प्रथम तीर्थंकर देव आदिनाथ भगवान और श्रेयांशनाथ भगवान का हुआ मंगल अभिषेक

- त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में भक्तों ने किया शांति धारा के साथ पूजन अर्चना

**भिलाई ( विश्व परिवार )।** आज श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 6 में ज्ञान कल्याणक दिवस के अवसर पर 1008 आदिनाथ भगवान और 1008 श्रेयांशनाथ भगवान के ज्ञान कल्याण दिवस पर भक्तों ने बड़े भक्तिभाव के साथ मंगल अभिषेक किया। शांति धारा का सौभाग्य ज्ञानचंद, ललिता देवी गौरव बाकलीवाल, प्रवीण छाबड़ा, स्मृति शेष सुयश परिवार भिलाई दुर्ग के स्वर्गीय पन्नालाल जी बाकलीवाल के पुण्यतिथि दिवस पर भक्तों ने मंगल अभिषेक किया। इस अवसर पर शांति धारा के साथ शांति



विधान पूजन कार्यक्रम प्रदीप साधना, प्रमोद आशा अरुण सुनीता अक्षत, दीक्षा जैन, बाकलीवाल एवं सुपुत्री कल्पना देवी सपरिवार की ओर से किया गया। पूजन अर्चना करते हुए श्री आदिनाथ भगवान जी और श्री श्रेयानाथ भगवान की पावन प्रतिमा के समक्ष भक्ति भाव से वंदन करते श्रीफल अर्पण करते हुए मंगल आरती पूजा किया गया। इस अवसर पर मुकेश जैन, जिनेंद्र जैन, वरुण जैन, भारत जैन, डॉ अंशुल जैन सिंपी विकास जैन, अतुल जैन, मुन्नालाल जैन, आशीष जैन, अनिल कासलीवाल आदि ने अभिषेक करते हुए पूजन के साथ श्री जिनेंद्र भगवान को श्रीफल अर्पण किया। इसके साथ ही इस अवसर पर कई महिलाओं ने भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना करते हुए इस कार्यक्रम में शामिल हुईं।

## मण्डलीय खेल कूद प्रतियोगिता में ललितपुर बना चैंपियन





**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** मण्डलीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इंटर कालेज उरई जनपद जालौन में 12 एवं 13 फरवरी को आयोजित की गई।जिसमें जनपद ललितपुर ने 363 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान,जनपद जालौन ने 243 अंक के साथ द्वितीय स्थान और जनपद झांसी ने 157 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे।मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में जनपद ललितपुर चैंपियन बना।बताते चलें बेसिक शिक्षा परिषद ललितपुर के विद्यालयों के जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी छात्र -छात्राओं को मंडल स्तर के लिए चयनित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला समन्वयक प्रशान्त राजपूत ,वरिष्ठ लिपिक गौरव त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला व्यायाम शिक्षक धर्मेन्द्र जैन, ब्लॉक शिक्षक पूर्णेन्द्र सिंह, रियाज अहमद , जगदीश परिहार,आलोक श्रीवास्तव, विनय ताम्रकार, कमलाकांत राही, दीपक बबेल, सुधीर जैन,सपना जैन,अनुराधा मोदी, शबनम निशा, पुष्पेंद्र बुंदेला, विमल जैन, हरप्रसाद, विक्रम सिंह, विशाल गुप्ता,सुरेंद्र दुबे, अतुल चतुर्वेदी,विष्णु कुमार, अनामिका श्रीवास्तव, सुनील राजपूत, अभिषेक कुमार,देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में मंडलीय खेलकूद प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग कराया गया।

## नमूना जांच में खाद्य पदार्थ मिला अमानक, कार्यवाही की तैयारी

**बलौदाबाजार( विश्व पविार )।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी अक्षय कुमार सोनी के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जिले में विगत महीनों चलाए गए जांच अभियान के दौरान दुकानों से खाद्य पदार्थो का नमूना लिया गया। राज्य परीक्षण प्रयोगशाला में जांच उपरांत खाद्य पदार्थ अवमानक पाया गया।खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन पाये जाने पर प्रकरणों का विवेचना उपरान्त अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेसर्स एमटूएम रेस्टोरेंट बलौदाबाजार का पनीर अवमानक स्तर का व बिरयानी दम राइस में रंग की उपस्थिति के कारण निम्न स्तर एवं साक्षी डेयरी भाटापारा का पनीर निम्न स्तर (अवमानक) स्तर का पाया गया तथा उल्लेख किराना स्टोर्स से लिये गये आटा नमूने के लेबल में पर्याप्त स्वास्थ्य घोषणाएं नहीं पायी गई।रूद्रबाबा बेवरेज के पानी पाऊच में उत्पाद तिथि व बैच नंबर नहीं पाया गया जो कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन पाये जाने पर उक्त प्रकरणों का विवेचना उपरान्त अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

## वन अग्नि सुरक्षा के लिए वन विहार केन्द्र में कार्यशाला का आयोजन

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** बलौदाबाजार वन परिक्षेत्र अंतर्गत परिक्षेत्र स्तरीय वन अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन सोनबरसा वन विहार केंद्र में किया गया। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों,विद्यार्थियों एवं वन प्रबंधन समितियों की सक्रिय सहभागिता रही।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना यादव ने वन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की, वहीं सरपंच श्रीमती रेणुका नायक ने भी वन अग्नि रोकथाम में सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन वन प्रबंधन समिति धमनी के अध्यक्ष रामनारायण यादव द्वारा



किया गया।जागरूकता के उद्देश्य से जंगल के फूल कला जत्था, धमनी के मिनेंद कुमार यादव एवं उनकी टीम द्वारा जंगल बचाओ विषय पर गीत एवं नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को संदेश दिया गया कि जंगल और खेतों में आग न लगाएं तथा वन संपदा की सुरक्षा में सहयोग करें।

कार्यशाला के समापन पर वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने कहा कि जंगल हमारी राष्ट्रीय धरोहर हैं और इन्हें सुरक्षित रखना हम सबका दायित्व है। उन्होंने बताया कि वन अग्नि से न केवल पेड़-पौधों को क्षति पहुचती है, बल्कि वन्यजीवों के आवास नष्ट होते हैं, अनेक जीव-जन्तुओं की जान को खतरा होता है तथा प्राकृतिक संतुलन भी प्रभावित होता है। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे वन अग्नि रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाएँ और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, ताकि बलौदाबाजार वनमण्डल को इस अग्नि सीज़न में सुरक्षित रखा जा सके। कार्यशाला के दौरान वन अग्नि के प्रमुख कारणों, उससे होने वाली पर्यावरणीय एवं सामाजिक क्षति तथा रोकथाम एवं नियंत्रण के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./28570/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 13-02-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28570**
**वार्ड का नाम-47 - मदर टेरेसा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 47 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR443D00023** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHANKAR LAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LT.JAGANMAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. DINESH VARLYANI 2. PURSHOTTAM VARLYANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE. SHANKAR LAL VARLYAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./28569/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 13-02-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28569**
**वार्ड का नाम-47 - मदर टेरेसा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 47 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR344F00061** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PUSHPA DEVI** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE. HARISH SUNDARANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. **श्रीमती शीला देवी शादीजा - पति स्व. राजलदास शादीजा** पिता/पति श्री/श्रीमती **2. श्रीमती उषा बाई शादीजा - पति स्व. श्यामलाल शादीजा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### मेला नायक बना पुष्प परिवार - आज होगी संजीव जैन दिल्ली की भजन संध्या

## पुष्पवती नगरी में ध्वजारोहण कर प्रारंभ हुआ वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव

**जबलपुर ( विश्व परिवार )।** शुक्रवार के शुभ दिन संस्कारधानी जबलपुर के शुक्रवारी बजरिया हनुमान ताल में बने श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय का श्री तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज एवं वेदी सूतन रामडिम मूरी परिवार के तत्वावधान में विविध अनुष्ठानों के साथ पुष्पवती नगरी फूटाताल में प्रारंभ हुआ।



महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव में मेला नायक बनकर ध्वजारोहण करने का सौभाग्य जिनशासन पुष्प परिवार जबलपुर, सागर, नागपुर एवं भोपाल को प्राप्त हुआ, वहीं भाईजी कुंडा वाला परिवार द्वारा तीनों मनोहारी वेदी के लिए चांदी की चौंकी भेंट कर अनुमोदना की गई।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में त्यागी व्रती साधकों सहित पूरे देश से पधारे श्रेष्ठिगण एवं श्रावक - श्राविकाओं के साथ पूर्व विधायक विनय सक्सेना एवं मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीए अखिलेश जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण सम्मिलित हुए, जिनका सकल समाज के साथ आयोजक रामडिम मूरी परिवार ने आत्मीय अभिनदंड अभिनदंन किया।

दोपहर में समवशरण मंडप में मंदिर विधि कर देव - शास्त्र - गुरु भगवन्तों की आराधना की गई पश्चात दान प्रभावना कर जिनवाणी चल समारोह निकाला गया जो मंगलगान करते हुए चैत्यालय पहुंचा जहां श्रावणगणों ने भक्ति भाव पूर्वक संगमरमर की तीनों मनोहारी वेदी पर विधि विधान पूर्वक मां जिनवाणी का अस्थाप कर छत्र एवं चंबर समर्पित किए गए। संध्या की बेला पर सामूहिक भक्ति कर साधकों के श्रीमुख से जिनवाणी का रसस्वादन किया गया पश्चात महिला मंडल एवं बालकों द्वारा नाटक महासती सीता की अग्नि परीक्षा की सुंदर प्रस्तुति ने सभी का मन जीत लिया।

### आज होगी संजीव जैन दिल्ली की भजन संध्या

शरद जैन पुखराज एवं धर्म प्रभावक नितिन जैन ने बताया कि महोत्सव के द्वितीय दिवस आज शनिवार 14 फरवरी के शुभ दिन का शुभारंभ प्रात: 5 बजे सामयिक ध्यान एवं प्रभात फेरी से होगा पश्चात 7 बजे से मंत्र जप तारण त्रिवेणी का पाठ भाव पूजा, 8 बजे से वृहद मंदिर विधि, 9 से प्रवचन, 10 से मंगल कलशों की दान प्रभावना, 11 बजे पात्र भावना, 1 बजे मंदिर विधि, जिनवाणी पालकी शोभायात्रा एवं कलशरोहण महोत्सव, 4 बजे पात्र भावना, 7 बजे आरती भक्ति स्तुति, 8 बजे प्रवचन एवं 9 बजे से उस्मानपुर दिल्ली से पधारे अंतरराष्ट्रीय भजन गायक संजीव जैन की विशेष भजन संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें सकल समाज से सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने अपील महोत्सव समिति के सर्वश्री ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश समैया, शरद समैया, दीपक राज जैन, सीए राहुल जैन, राजू परासिया, मनोज मंटू कुंडा वाले, प. संतोष जैन भाईजी, जतिन समैया, प्रियंक समैया, राजेश दिगंबर द्वारा की गई है।

## समेकित शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**ललितपुर।** समेकित शिक्षा के अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा हेतु सेवारत शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी बार पर बीईओ शैलजा व्यास के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस दौरान स्पेशल एजूकेटर शिवकुमार मौर्य ने कहा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम- 2016 से पूर्व दिव्यांगता की संख्या 07 थी जिसे अब बढ़ाकर 21 कर दिया गया है और इसमें दिव्यांगता की ओर ले जाने वाली कुछ स्थितियाँ और विकार भी शामिल हैं।

मानसिक दिव्यांगता शब्द के स्थान पर %बौद्धिक दिव्यांगता% शब्द रखा गया है।बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को ऐसे व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिनमें उपरोक्त दिव्यांगताओं में से किसी एक का कम से कम 40त्न होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### टाटा मोटर्स ने अगली पीढ़ी के 17 ट्रकों को लॉन्च किया

**नई दिल्ली :** भारतीय ट्रकिंग के परिदृश्य को बदलने वाले एक ऐतिहासिक कदम में, टाटा मोटर्स, भारत का सबसे बड़ा वाणिज्यिक वाहन निर्माता और मोबिलिटी समाधान प्रदाता, ने आज 7 से 55 टन तक की क्षमता वाले 17 ट्रकों का अपना अगली पीढ़ी का पोर्टफोलियो लॉन्च किया, जो सुरक्षा, लाभ और प्रगति में नए मानक स्थापित करता है। यह व्यापक लॉन्च नई अजुरा सीरीज, अत्याधुनिक टाटा ञ्ल्ह्ल्ष्य्ह्य.द्ग1 रेंज, और मशहूर प्राइमा, सिग्ना तथा अल्ट्रा प्लेटफॉर्म्स में महत्वपूर्ण अपग्रेड पेश करता है। ये ट्रक दुनिया के कड़े सुरक्षा नियमों (ECE R29 03) के हिसाब से बने हैं और इनका मकसद ट्रांसपोर्टर्स की बचत बढ़ाना, रखरखाव का खर्चा कम करना और काम को आसान बनाना है। नए ट्रकों को लॉन्च करते हुए, श्री गिरीश वाघ, एमडी एवं सीईओ, टाटा मोटर्स लिमिटेड ने कहा, भारत में ट्रकिंग का क्षेत्र सरकारी नीतियों, बेहतर सड़कों और सुरक्षित व साफ-सुथरे ट्रांसपोर्ट की मांग के कारण तेजी से बदल रहा है। टाटा मोटर्स ने हमेशा से इस बदलाव में आगे रहकर नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं जोकि इंडस्ट्री के भविष्य को आकार देते हैं। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए हमने अपनी अगली पीढ़ी के ट्रक पेश किए हैं, जिनमें नई अजुरा सीरीज, दो उन्नत शक्तिशाली उच्च दक्षता पावरट्रेन, भारत के व्यापक जीरो एमिशन वाले इलेक्ट्रिक ट्रकों की रेंज और हमारे नए I-MOEV आर्किटेक्चर पर आधारित टिपर रेंज और यूरोपीय मानकों वाले कैबिन एवं उद्योग में अग्रणी सुरक्षा फीचर्स, ज्यादा पेलोड और ईंधन दक्षता में उल्लेखनीय अपग्रेड शामिल हैं। इन ट्रकों को फ्लीट एज डिजिटल सेवाओं से भी जोड़ा गया है ताकि इन्हें चलाना और ट्रैक करना आसान हो। हमारा हमेशा बेहतर करने (बेटर ऑलवेज़) का विचार हमें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। हम नई चीजें बनाने में लगातार मेहनत करते हैं, स्थानीय उत्पादन पर ज्यादा ध्यान देते हैं, और ग्राहकों की सफलता पर मजबूती से फोकस रखते हैं। ये सब आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करते हैं, जो भारत को आत मनिर्भर बनाने में मदद करता है और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन में लीडर बनने की इच्छा को मजबूत करता है।

### भागो मोबिलिटी ने होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया और होंडा पावर पैक एनर्जी इंडिया के साथ साझेदारी कर इंटेलिजेंट सस्टेनेबल मोबिलिटी ट्रांसपोर्ट प्लेटफॉर्म लॉन्च किया

**नई दिल्ली:** भागो मोबिलिटी ने आज भारत में तेजी से बढ़ती शहरी मोबिलिटी आवश्यकताओं को सक्षम बनाने के लिए एक व्यापक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लेटफॉर्म के लॉन्च की घोषणा की। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के साथ साझेदारी में और होंडा पावर पैक एनर्जी इंडिया (एचईआईडी) के बैटरी-स्वैपिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के सहयोग से, कंपनी दिल्ली और बेंगलुरु में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की तैनाती करेगी, जिसके बाद अगले तीन वर्षों में इसे पैन-इंडिया स्तर पर विस्तार दिया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म डिलीवरी पार्टनर्स, राइड-हेलिंग ड्राइवर्स और लास्ट-माइल लॉजिस्टिक्स वर्कर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें एक सिंगल सब्सक्रिप्शन-बेस्ड मॉडल के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों तक पहुंच, बैटरी स्वैपिंग, अनुपालन (कंप्लायंस) और टेक्नोलॉजी सपोर्ट जैसी सुविधाएँ एकीकृत रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। यह प्लेटफॉर्म लचीले स्वामित्व और उपयोग मॉडल के माध्यम से इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स तक ऑन-डिमांड एक्सेस प्रदान करता है। यह उन व्यक्तियों के लिए भी उपलब्ध है जो ईवी को स्वयं के उपयोग के लिए खरीदना चाहते हैं या इसे अन्य ऑपरेटर्स के उपयोग हेतु उपलब्ध कराना चाहते हैं।

# करोड़ों के बजट में आदिवासी बच्चों की बदहाली क्यों?

### बड़े गोबरा आश्रम में छात्र की मौत से मचा हड़कंप, लापरवाही पर घिरी सरकार



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के मैनपुर स्थित बड़े गोबरा आदिवासी बालक आश्रम में अध्ययनरत एक छात्र की दर्दनाक मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। इस गंभीर घटना के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जिला इकाई द्वारा गठित जांच कमेटी ने जब स्थल निरीक्षण किया तो जो सच्चाई सामने आई, उसने शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए।

जांच टीम ने पाया कि आश्रम में बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था ही नहीं है। करोड़ों रुपये के बजट के बावजूद न तो ऋह्र मशीन उपलब्ध है और न ही पर्याप्त जल शुद्धिकरण सुविधा।

आश्रम भवन जर्जर स्थिति में है।बरसात के दौरान छत से पानी टपकता है, जिससे बच्चों के रहने की स्थिति बेहद खराब हो जाती है। छात्रों को दिए जाने वाले चादर, कंबल और गद्दे भी निम्न स्तर के पाए गए।

जांच में यह भी सामने आया कि बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण नहीं हो रहा। चिरायु दल की रिपोर्ट में लगातार खुजली और दूषित पानी की समस्या दर्ज होने के बावजूद कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया।

यह लापरवाही सीधे तौर पर बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन के साथ खिलवाड़ मानी जा रही है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आदिवासी विकास के नाम पर करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर बच्चों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल रहीं। दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी।

आश्रम अधीक्षक की जिम्मेदारी 24 घंटे की उपस्थिति की है, लेकिन जांच में उनकी मौजूदगी सीमित समय तक ही पाई गई। इससे प्रशासनिक निगरानी पर भी गंभीर प्रश्न उठे हैं।

जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जांच प्रतिवेदन के साथ अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में संजय नेताम, रामकृष्ण ध्रुव, गेंदू यादव और छगन यादव सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे।

कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि आदिवासी विद्यार्थियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा की लड़ाई अंतिम निर्णय तक जारी रहेगी। करोड़ों के बजट, योजनाओं और घोषणाओं के बावजूद यदि आदिवासी आश्रमों में बच्चों को पानी, स्वास्थ्य और सुरक्षित आवास तक नसीब नहीं—तो जिम्मेदार कौन? और कब होगी जवाबदेही तय?

# भाजपा अजजा मोर्चा की नई कार्यसमिति का ऐलान, जमीनी मजबूती पर फोकस

### तरूण ठाकुर बने उपाध्यक्ष, भाजपा जनजातीय मोर्चा ने भरी नई उड़ान



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले की राजनीतिक गतिविधियों में नई ऊर्जा का संचार करते हुए भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला कार्यसमिति की औपचारिक घोषणा कर दी गई है। यह निर्णय प्रदेश नेतृत्व की अनुमति और जिला संगठन की सहमति से लिया गया, जिससे संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में, साथ ही अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह की स्वीकृति के बाद नई टीम को अंतिम रूप दिया गया। जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी और जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर की सहमति से मोर्चा जिला अध्यक्ष सियाराम ध्रुव ने कार्यसमिति का गठन किया।

नवगठित कार्यसमिति में तरूण ठाकुर (पप्पू ठाकुर) को उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकर्ताओं ने नई टीम का स्वागत करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, जनसंपर्क अभियान तेज करने और जनजातीय समाज के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने का संकल्प लिया।

# थाना बोधघाट की नशे के विरूद्ध कार्रवाई



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बस्तर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। इस कार्रवाई में थाना बोधघाट प्रभारी लीलाधर राठौर की भूमिका बेहद सराहनीय रही।

विश्वसनीय मुखबिर सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नशीली ट्रामोडोल कैप्सूल के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूरी कार्रवाई योजनाबद्ध तरीके से की गई, जिसमें पहले जगदलपुर से आरोपी पकड़ा गया और बाद में अंतरराज्यीय सप्लायर तक पहुंचकर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयाँ बरामद की गईं।

पुलिस अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी लीलाधर राठौर की तत्परता, टीमवर्क और नशे के विरुद्ध उनकी सख्त कार्यशैली की सराहना की है। लगातार प्रभावी कार्रवाई से युवाओं को नशे से बचाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# शॉपर्स स्टॉप ने अपने नेटवर्क का किया विस्तार




**नई दिल्ली:** भारत का प्रीमियम फैशन, लाइफस्टाइल और गिफ्टिंग डेस्टिनेशन शॉपर्स स्टॉप ने अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार करते हुए अपना तीसरा स्टोर खोला है। यह नया शॉपर्स स्टॉप स्टोर शहर के फैशन-प्रेमी ग्राहकों के लिए स्टाइल, एलिगेंस और बेहतरीन शॉपिंग अनुभव की नई दुनिया लेकर आएगा।विस्तृत रिटेल स्पेस में फैले इस नए स्टोर में 500 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स उपलब्ध हैं, जो ग्राहकों को फैशन, एक्सेसरीज़, फुटवियर, ब्यूटी और ट्रैवल एसेंशियल्स में नवीनतम ट्रेंड्स तक पहुंच प्रदान करते हैं। आधुनिक शॉपिंग डेस्टिनेशन के रूप में डिज़ाइन किया गया यह स्टोर प्रीमियम और ग्राहक-केंद्रित रिटेल अनुभव देने की शॉपर्स स्टॉप की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।विस्तार के बारे में बात करते हुए श्री कविंद्र मिश्रा,कस्टमरकेयर एसोसिएट,मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शॉपर्स स्टॉप लिमिटेड ने कहा, हमारे ग्राहक हमारे हर निर्णय के केंद्र में हैं, और उनका विश्वास ही हमें विभिन्न बाज़ारों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। रायपुर में हमारे नए स्टोर का शुभारंभ एक रोमांचक अध्याय की शुरुआत है, जो शहर में प्रीमियम ब्रांड्स का विस्तृत पोर्टफोलियो और अधिक इमर्सिव शॉपिंग अनुभव लेकर आया है। हम रायपुर के एस्पिरेशनल कंज्यूमर्स के साथ अपने संबंध को और मजबूत करने तथा उन्हें शॉपर्स स्टॉप का सर्वश्रेष्ठ अनुभव देने के लिए उत्साहित हैं।

# एक्सिस मैक्स लाइफने इंडीविजुअल एडजस्टेड फर्स्ट ईयर प्रीमियम में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले 9 महीनों में मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का निवेश आय के अतिरिक्त कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 24,625 करोड़ रुपये रहा। इसमें सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। समीक्षाधीन अवधि में निवेश आय समेत कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 36,891 करोड़ रुपये और कंसोलिडेटेड कर पश्चात लाभ 137 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष के शुरुआती 9 महीनों में निजी जीवन बीमा उद्योग की गति को पीछे छोड़ते हुए एक्सिस मैक्स लाइफइंश्योरेंस लिमिटेड ने नए बिजनेस में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह 6,396 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एक्सिस मैक्स लाइफके मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर सुमित मदान ने कहा, 'चालू वित्त वर्ष के शुरुआती 9 महीनों में एक्सिस मैक्स लाइफ के प्रदर्शन से अनुशासन एवं निरंतरता के साथ लागू की गई सटीक रणनीति की ताकत नजर आती है। हमने निजी जीवन बीमा उद्योग को पीछे छोड़ते हुए दोहरे अंकों में विकास दर्ज किया है और टॉप 10 बीमाकर्ताओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली कंपनी के रूप में उभरे हैं। साथ ही हमने सेक्टर में सबसे ज्यादा मार्केट शेयर हासिल किया है। यह विकास इंडीविजुअल एडजस्टेड फर्स्ट ईयर प्रीमियम और वैल्यू ऑफन्यू बिजनेस की मजबूती से संभव हुआ है। इसे विभिन्न प्रोप्रिएटरी चैनल्स में व्यापक विस्तार से भी मदद मिली है।' 'हमारे एजेंसी वर्टिकल भी उद्योग में सबसे तेजी से विकास करने वालों में शुमार हैं। स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप बिजनेस में लगातार मूमेंटम से भी इसे गति मिली है। जैसे-जैसे हम विस्तार कर रहे हैं, निवेशकों एवं ग्राहकों को बेहतर वैल्यू देने की हमारी प्रतिबद्धता मजबूत हुई है। लगातार डिजिटल इनोवेशन के माध्यम से ग्राहकों का अनुभव बेहतर करते हुए हम लगातार अपनी प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ा रहे हैं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग क्र.1, लोक निर्माण विभाग,**
**रायपुर(छ.ग.)**

ज्ञाप. क्र. 01/व.ले.लि./2025-26 रायपुर, दिनांक 11.02.2026

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु अवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 18.02.2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| 2. | निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 25.02.2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| 3. | प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि | 26.02.2026 पूर्वान्ह 11.30 बजे |
| 4. | अर्ह ठेकेदारों की श्रेणी | ई-पंजीयन के अन्तर्गत 'द' श्रेणी से 'अ' तक |

| एन. आई. टी क्र | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)<br>अमानत राशि (रू. में)<br>बैंक साल्वेंसी (रू.में)<br>निविदा प्रपत्र की कीमत (रू.में)<br>कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | Special repair for construction of boundary wall, Ladies Toilet and repair of old toilets NH Campus, Pensionbada, Raipur. | 4.93 लाख<br>5000.00<br>25000.00<br>750.00<br>02 माह |

टीप :- निविदा संबंधी शर्तें एवं अन्य विवरण विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwd/raipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इसका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग क्र.1,लो.नि.वि.
रायपुर (छ.ग.)

G-252606634/4

# गांजा बिक्री करने वाले 02 युवक पर बस्तर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

### अवैध रूप से गांजा बिक्री करते गौरव वाटिका संगम रोड के पास से पकड़े गए दो आरोपी

### एक आरोपी पनारापारा एक आरोपी तेतरकूटी का निवासी हैं

### आरोपीयो के कब्जे से 01 किलो 26 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस के द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने वाले पर, कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।

ज्ञात हो कि थाना कोतवाली जगदलपुर को सूचना प्राप्त हुआ था कि दो व्यक्ति गौरव वाटिका के बगल संगम रोड में एक लाल पीला झोला में गांजा बिक्री करने ग्राहक के इंतजार में खड़ा है, कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक, शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित देवांगन के पर्यवेक्षण में कार्यवाहक थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर, कार्यवाही हेतु टीम रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा गौरव वाटिका संगम रोड पहुंचकर घेराबंदी कर, संदेह के आधार पर बताये हुलिया के दो व्यक्ति लाल पीला झोला रखे मिलने पर उक्त दोनों व्यक्ति को पकड़कर, पूछताछ करने पर अपना नाम अनिल कुमार बघेल पिता मिट्ठू राम बघेल उम्र 30 साल भतरा निवास पनारापारा जगदलपुर (2) उदय नेताम उर्फरिंकू पिता बसंत नेताम उम्र 19 साल पता तेतर कूटी जगदलपुर का होना बताया जिनके पास में रखे एक लाल पीला रंग के झोला की तलाशी लेने पर 1 किलो 26 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। जिस संबंध में पूछताछ करने पर गांजा रखने का वैधानिक प्रत्युत्तर नही दिया गया। गांजा परिवहन करना स्वीकार करने से उक्त आरोपी को 20(क्र ) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य वन्य जीव बोर्ड की बैठक संपन्न

## वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास की सुरक्षा, अस्तित्व के सिद्धांतों के अनुरूप हो सभी गतिविधियों का संचालन : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड की 16वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में बोर्ड की 15वीं बैठक के पालन प्रतिवेदन तथा नवीन एजेंडों पर चर्चा उपरांत प्रस्तावों को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड के निर्णय हेतु प्रेषित करने पर सहमति बनी।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वन्यजीव हमारी प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं और उनके संरक्षणङ्कसंवर्धन के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए सतत निगरानी, अवैध गतिविधियों पर रोक तथा उनकी सुरक्षा के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देने पर जोर दिया। साथ ही, वनों के आसपास रहने वाले ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने और युवाओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने न्यूनतम हस्तक्षेप के सिद्धांत को अपनाते हुए अत्यावश्यक कार्यों को ही वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास में बिना किसी छेड़छाड़ के पूर्ण करने पर बल दिया। उन्होंने सह-अस्तित्व के सिद्धांतों के अनुरूप सभी गतिविधियों के संचालन की बात कही। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति के गठन को मंजूरी दी गई। स्थायी समिति का गठन वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री की अध्यक्षता में किया जाएगा, जिसमें 11 अन्य सदस्य शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि वन्य प्राणियों की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में होने वाले कार्यों के प्रस्तावों पर राज्य वन्यजीव बोर्ड का अभिमत अनिवार्य होता है। बोर्ड की बैठकों के बीच अधिक अंतराल के कारण प्रस्तावों की स्वीकृति में विलंब की स्थिति बनती है।

## ‘अरन्य’ ओटीटी पर रिलीज, जंगल, जमीन और आदिवासी जीवन पर आधारित सशक्त फिल्म

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** हिंदी फीचर फिल्म अरन्य, जो कलिंगा विश्वविद्यालय के सहयोग से निर्मित की गई है, 10 फरवरी को ह स्रुद्धद्व स्रद्वद्यद्वह्य ह्रञ्ज्ञ श्चश्च पर सफलतापूर्वक रिलीज हो चुकी है। सामाजिक सरोकारों से जुड़ी यह फिल्म दर्शकों के बीच अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति और संवेदनशील विषय के कारण चर्चा में है।

N Mahi Films Production एवं NIIRA Educom के बैनर तले बनी अरन्य विकास के नाम पर जंगलों के अतिक्रमण, प्रशासनिक अनुमतियों के दुरुपयोग और आदिवासी समाज के विस्थापन जैसे गंभीर मुद्दों को यथार्थ और संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करती है।




फिल्म के निर्देशक नितेश झा ने कहा— अरन्य उन जंगलों और आदिवासी समुदायों की आवाज़ है, जिनकी पीड़ा अक्सर विकास की चकाचौंध में दब जाती है। यह फिल्म दिखाती है कि प्रशासनिक शक्तियों के दुरुपयोग से किस प्रकार जल-जंगल-जमीन पर निर्भर लोगों का जीवन प्रभावित होता है। कलिंगा विश्वविद्यालय के फिल्म मेकिंग विभाग ने इस फिल्म के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्वविद्यालय ने तकनीकी संसाधन, लोकेशन सपोर्ट, पोस्ट-प्रोडक्शन सुविधाएं और उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान कर इस परियोजना को अकादमिक और पेशेवर दोनों स्तरों पर मजबूती दी। छायांकन निर्देशक साहिल कुमार ने प्राकृतिक लोकेशनों पर फिल्मांकन कर जंगल की वास्तविक आत्मा को पर्दे पर जीवंत किया है। फिल्म में अनिशा मोहंती, युवराज सिंह, आलोक मिश्रा, अभिषेक शर्मा, अनमोल पांडेय, सुधांशु सिंह, नितेश झा सहित कई कलाकारों ने सशक्त अभिनय किया है। संगीत निर्देशन बबला बागची का है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के साथ अरन्य केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि समाज से संवाद का माध्यम बनकर उभरी है।

## भारत बनेगा दुनिया का ग्रीन एनर्जी हब : बृजमोहन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वरिष्ठ भाजपा नेता और सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत में विद्युत परियोजनाएं- मामले और चुनौतियां विषय पर आयोजित एस्टीमेट कमेटी (प्राकलन समिति) की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए।



बैठक में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की समीक्षा करते हुए श्री अग्रवाल ने राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की ऊर्जा संभावनाओं और चुनौतियों पर विशेष जोर दिया।

बैठक के दौरान श्री बृजमोहन अग्रवाल ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के पंचामृत लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने बताया कि भारत आज नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व पटल पर एक महाशक्ति बनकर उभरा है।

बैठक में श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता वाली पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान% छत्तीसगढ़ के लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

उन्होंने बताया, छत्तीसगढ़ के बस्तर और सरगुजा संभाग की ऐसी दुर्गम जनजातीय बस्तियां, जहां भौगोलिक कारणों से ग्रिड की बिजली पहुंचाना कठिन है, वहां ऑफ-ग्रिड सोलर सिस्टम के माध्यम से घरों को रोशन किया जा रहा है। देशभर में स्वीकृत 12,922 घरों के विद्युतीकरण में छत्तीसगढ़ की बस्तियों का बड़ा हिस्सा शामिल है। श्री अग्रवाल ने बताया कि, भारत ने अपनी कुल स्थापित बिजली क्षमता का 50त्न गैर-जीवाश्म ईंधन से प्राप्त करने का लक्ष्य समय से 5 साल पहले ही हासिल कर लिया है। दिसंबर 2025 तक हमारी गैर-जीवाश्म क्षमता 266.78 गीगावाट तक पहुंच गई है, जो कुल क्षमता का 51.93त्न है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ एक ऊर्जा सरप्लस राज्य है, और अब हम कोयला आधारित बिजली के साथ-साथ सौर और जैव-ईंधन में भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। राज्य के किसानों को पीएम-कुसुम योजना के तहत सोलर पंप देकर सिंचाई के लिए आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

## एमआईसी सदस्य इकराम अहमद पंकज शर्मा के नेतृत्व में निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

- निरस्त किए गए बीपीएल कार्डधारियों के कार्ड पुन- जारी करने की मांग

**बीरगांव ( विश्व परिवार )।** बीरगांव निगम के एमआईसी सदस्य इकराम अहमद ने बताया की बीरगांव ब्लाक कांग्रेस द्वारा पंकज शर्मा जी के नेतृत्व मे आज बिरगांव निगम आयुक्त को लोगों की समस्या के निराकरण हेतु ज्ञापन दिया गया। जिसमें निगम क्षेत्र में निवासरत लोगों की समस्या जैसे अनेकों उद्योग स्थापित है। बीपीएल कार्ड निरस्त किये जाने एवं मजदूरी के अतिरिक्त आय का अन्य कोई जरिया नहीं होने के कारण उन्हें बाजार रेट में उपलब्ध राशन क्रय करना पड़ रहा है जिसके कारण निगम क्षेत्र में निवासरत गरीब एवं मजदूर वर्ग के परिवारों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है तथा आर्थिक अभाव में उन्हें मानसिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। पंकज शर्मा जी ने आयुक्त से आग्रह किया की 15 दिनो के अंदर बीरगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र में निवासरत बी.पी.एल. कार्डधारियों के कार्ड शीघ्रातिषीघ्र पुन- जारी करने एवं नये बी.पी.एल. कार्ड बनाये जाने हेतु आवष्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें आदि समय पर उचित कार्यवाही नही की गई तो उग्र आंदोलन किया जायेगा कार्यक्रम मे बिरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी जी इकराम अहमद जी मंडल अध्यक्ष बाबा खान ज्वाला गोस्वामी. पुष्प लता वैष्णव जी अविनाश निहाल पूर्व पार्षद मुकेश तिवारी रितेश सिंह बैसाखू सागर चंदन पाल रानी गोस्वामी दिलदार सरोज कुर्रे रोशन वर्मा रोशन यादव जिया फारूकी, शिव साहू, पिनकेश्वर बंदे प्रीत राम महेश राजभर सुनील राजभर चंदन कुशवाहा सतीश पांडे राकेश पाल, पूजा जांगड़े, प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।



## विश्व रेडियो दिवस पर विधायक पुरंदर मिश्रा ने दी हार्दिक शुभकामनाएं

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि रेडियो जन-जन से जुड़ा वह सशक्त माध्यम है, जिसने दशकों से समाज को सूचना, शिक्षा और मनोरंजन के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना से भी जोड़े रखा है। वर्ष 1927 में भारत में रेडियो प्रसारण की शुरुआत से लेकर All India Radio (आकाशवाणी) की स्थापना तक, इस माध्यम ने देश की एकता, जागरूकता और संवाद को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि आज डिजिटल युग में भी रेडियो की प्रासंगिकता बनी हुई है। ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक, रेडियो आज भी विश्वसनीय सूचना का माध्यम है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आधुनिक तकनीकों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में पारंपरिक माध्यमों के साथ नवाचार का समन्वय समय की आवश्यकता है।



उन्होंने कहा कि रेडियो केवल समाचार का साधन नहीं, बल्कि समाज की भावनाओं, संस्कारों और रचनात्मक अभिव्यक्ति का मंच है। विश्व रेडियो दिवस पर उन्होंने रेडियो से जुड़े सभी प्रसारकों, तकनीशियनों, कलाकारों और श्रोताओं को बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की।

अंत में विधायक श्री मिश्रा ने कामना की कि रेडियो आने वाले समय में भी जनसेवा, जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बना रहे।

## सही जानकारी और सहयोग से परीक्षा के तनाव से बचना सम्भव

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** परीक्षा के समय बच्चों में तनाव, डर, घबराहट और बेचैनी होना सामान्य बात है,लेकिन सही जानकारी,मार्गदर्शन और सहयोग से इसे आसानी से संभाला जा सकता है। परीक्षा के समय बच्चों में तनाव में कई कारण हो सकते है जिनमे प्रमुख रुप से अच्छे नंबर लाने का अत्यधिक दबाव,माता-पिता और शिक्षकों की ज्यादा उम्मीदें,पढ़ाई का अधिक बोझ,समय प्रबंधन की कमी,तुलना और प्रतियोगिता का डर,नींद की कमी,सोशल मीडिया और मोबाइल का अधिक उपयोग एवं असफलता का डर है। शारीरिक लक्षण में पढ़ाई में मन न लगना,सिर दर्द,आत्मविश्वास की कमी,थकान,नींद न आना निराशा और उदासी,भूख कम लगना,अकेले रहने की इच्छा, घबराहट, दिल की धड़कन तेज होना आदि है। मानसिक लक्षण में बार-बार रोने का मन करना, चिड़चिड़ापन है। रोज पढ़ाई का समय तय करें,बीच-बीच में ब्रेक लें,6-8 घंटे की नींद लें,रोज हल्का व्यायाम करें मोबाइल एवं सोशल मीडिया सीमित रखें,अपने डर और समस्या किसी से साझा करें, संतुलित आहार लें,खुद को दूसरों से तुलना न करें। बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें, नंबर से ज्यादा प्रयास की सराहना करें,बच्चे की भावनाओं को समझें,सकारात्मक वातावरण बनाएं,रोज़ बच्चे से बातचीत करें।

## नगर निगम कार्यवाही: बकाया राशि अदा नहीं करने दुकानों को तत्काल किया सीलबंद

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के आदेशानुसार और अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती कृष्णा खटीक, उपायुक्त राजस्व श्रीमती जागृति साहू के निर्देशानुसार नगर निगम राजस्व एवं बाजार विभाग द्वारा चलाये जा रहे बकाया राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत बड़ी कार्यवाही की गयी. नगर निगम बाजार विभाग की टीम द्वारा सहायक राजस्व अधिकारी श्री बंशी यादव के मार्गदर्शन और सहायक राजस्व निरीक्षक श्री केहर सिंह फरिकार और श्री सुमेश यादव की उपस्थिति में मंगल बाजार और सखाराम दुबे स्कूल परिसर की 14 दुकानों पर बकाया राजस्व वसूली अभियान चलाया गया. इस दौरान 14 में से 5 बकाया दुकानदारों ने तत्काल कुल 102312 रूपये बकाया भुगतान करते हुए स्वयं की दुकानों को नगर निगम बाजार विभाग की सीलबंद कार्यवाही से सुरक्षित रखा. मंगल बाजार के 7 बकाया दुकानदारों द्वारा विगत 18 वर्षो से बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया, इन सभी 7 बकाया दुकानदारों में से प्रत्येक बकाया दुकानदार पर 222618 रूपये का बकाया है. बकाया राशि नगर निगम बाजार विभाग को अदा नहीं किये जाने पर बकाया दुकानदार मुकुंद लाल देवांगन दुकान नम्बर 3, राघवेंद्र / ईश्वरी दुकान नम्बर 4, नवीन केशवानी / लखेश्वर केशवानी दुकान नम्बर 18, कमल दीवान दुकान नम्बर 22।



## आईबीसी24 ने वीडियो जर्नलिस्ट को 124 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर प्रेस खेल मड़ई के अंतर्गत आयोजित स्व. कुलदीप निगम स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांच जारी है। नेताजी सुभाष स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में आईबीसी24 ने वीडियो जर्नलिस्ट को 124 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आलराउंडर प्रदर्शन करने वाले आईबीसी24 के संजय सिंहदेव मैन ऑफ द मैच रहे। संजय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट का पहला हैटट्रिक विकेट अपने नाम किया। वीडियो जर्नलिस्ट के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया, जो टीम पर भारी पड़ गया। आईबीसी24 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 1 विकेट पर शानदार 179 रन बनाए।

टीम के ओपनर बल्लेबाज संजय सिंहदेव और अविनाश कर ने तेज शुरुआत की। दोनों बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर शुरुआती 3 ओवर में ही टीम के लिए 48 रन जोड़ दिए। क्रीज पर जमकर खेल रहे संजय सिंहदेव तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर गेंद को बाउंड्री पार भेजने के चक्कर में फील्डर रेखराम देवांगन को कैच थमा बैठे। संजय ने 12 गेंदों में 2 चौके व 3 छक्के की मदद से 27 रन बनाए।

इसके बाद आये रामेश्वर मिश्रा ने एक छोर पर टिककर जमकर बल्लेबाजी की। अविनाश कर दूसरे छोर पर जमे रहे। फिर दोनों बल्लेबाजों में चौके-छक्के की झड़ी लगा दी। वीडियो जर्नलिस्ट का कोई भी गेंदबाज दोनों बल्लेबाजों की जोड़ी को तोड़ने में कामयाब नहीं हो पाया। अविनाश और रामेश्वर ने शानदार नाबाद अर्द्धशतकीय पारी खेली।

## कलिंगा विश्वविद्यालय में 8वां वार्षिक खेल महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खेल दिवस रोमांचक आयोजन होते हैं, जो शारीरिक कौशल और टीम भावना का उत्सव मनाने के लिए खिलाड़ियों और दर्शकों को एक साथ लाते हैं। कलिंगा विश्वविद्यालय के खेल विभाग ने छात्र कल्याण अधिष्ठाता के सहयोग से कलिंगा विश्वविद्यालय परिसर में 4 फरवरी से 6 फरवरी 2026 तक 8वें वार्षिक खेल महोत्सव 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। खेल महोत्सव का शुभारंभ 04 फरवरी 2026 को एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। इस दिन छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिसने इसे सभी के लिए एक यादगार आयोजन बना दिया।




उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कला एवं मानविकी, शिक्षा, सीएस एवं आईटी, वाणिज्य एवं प्रबंधन, विधि, फार्मेसी, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संकायों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने खेल समन्वयकों के साथ भाग लेने वाली टीमों की रंग-बिरंगी मार्च-पास्ट में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि के प्रेरणादायक संबोधन ने विद्यार्थियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रोत्साहित किया। खेल महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. संदीप अरोड़ा, कुलाधिपति ङ्क कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। ओलंपिक मशाल रिले विश्वविद्यालय के खेल विद्यार्थियों द्वारा वहन की गई और सम्मानित अतिथि डॉ. राजीव कुमार, अध्यक्ष ङ्क कलिंगा विश्वविद्यालय ने मुख्य अतिथि के साथ मिलकर इसका औपचारिक प्रज्वलन किया। यह खेल भावना और एकता के प्रतीक के रूप में सम्पन्न हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत जीवंत सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों एवं प्रभावशाली कराटे प्रदर्शन के साथ हुआ।

पहला दिन (04-02-2026) एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) के लिए समर्पित था, जिसमें छह ट्रैक इवेंट्स—100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर और 4म100 मीटर रिले— के साथ-साथ लड़कों और लड़कियों के लिए पाँच फील्ड इवेंट्स आयोजित किए गए। दिन का समापन लड़कियों और लड़कों के लिए तीन-पाँव की दौड़ जैसे मजेदार खेलों के साथ हुआ। आठवें वार्षिक खेल महोत्सव 2026 में सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का शानदार परिचय दिया। (ट्रैक एंड फील्ड) पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में ईसा साद (सीएस एंड आईटी) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। आदित्य पिल्लई (विधि संकाय) ने रजत पदक तथा उबुरा करोहई (वाणिज्य एवं प्रबंधन) ने कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में हरिप्रिया (सीएस एंड आईटी) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, सामंता देवांगन (विधि संकाय) ने रजत पदक जीता तथा वर्षा झा (विज्ञान संकाय) ने कांस्य पदक हासिल किया। 200 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में लितेश अंधिया (फार्मेसी) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, हस्संदाम्स अबुबकर (विज्ञान संकाय) ने रजत पदक जीता तथा पाउच डाक पाउच (प्रौद्योगिकी) ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं महिला वर्ग में रीतिका कुमारी (सीएस एंड आईटी) ने स्वर्ण पदक, शिवानी वर्मा (विज्ञान संकाय) ने रजत पदक तथा केशिका ठाकुर (वाणिज्य एवं प्रबंधन) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में रिदवान मुहम्मद (विज्ञान संकाय) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, माकुएय कीएक (फार्मेसी) ने रजत पदक जीता तथा उबुरा कोरोही (वाणिज्य एवं प्रबंधन) ने कांस्य पदक हासिल किया।

## भाजपा जिला अध्यक्ष के जन्मदिवस पर बधाई देने लगा शुभचिंतकों का ताता




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर शहर भाजपा ज़िला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर को शंकर नगर मण्डल अध्यक्ष राम प्रजापति के नेतृत्व में उनके निवास पहुंचकर उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई प्रेषित किये।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**निविदा सूचना**

**क्र.सं. 01. निविदा सूचना सं. एमपीपीबी आईए -25-26-पोर्टाकैब-04**
**कार्य का नाम :** पीपी यार्ड भिलाई में पोर्टा केबिन (लिफ्ट/शिफ्ट प्रकार) की आपूर्ति, बिछाने एवं स्थापना।
**निविदा मूल्य :** रु. 6,03,570.00/- **बयाना राशि :** रु. 12,100.00/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00/- **निविदा बंद होने का दिनांक :** 10.03.2026 at 15:00 Hrs.
मेनूअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होगा तथा उसे यथावत निरस्त माना जावेगा । निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता मापदंड एवं सम्पूर्ण जानकारी वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (फ्रेट) / भिलाई के कार्यलय से प्राप्त किया जा सकता है एवं निविदा दस्तावेज वेबसाईट www.ireps.gov.in. से डाउनलोड किया जा सकता है।
**मंडल यांत्रिक इंजीनियर/पी.पी.यार्ड/भिलाई**
PR/R/SR.DME(Frt)/BIA/AAA/322
**द.पू.मध्य रेलवे, रायपुर**
South East Central Railway @secrail

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026



### तेज रफ्तार बाइक आपस में भिड़ी, तीन की मौत

**रायपुर( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर में फिर से रफ्तार का कहर देखने को मिला है. विधानसभा थाना इलाके में गुरुवार रात भीषण सडक़ हादसा हुआ. दो तेज रफ्तार बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई. हादसे में पति-पत्नी समेत तीन की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ. मृतकों की पहचान टेकारी निवासी भोजराज विश्वकर्मा, प्यारी बाई विश्वकर्मा और मांढर निवासी सुभम यादव के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है. बाइक सवार भोजराज विश्वकर्मा, प्यारी बाई विश्वकर्मा और सुभम यादव की मौत हो गई.

## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मेगा कृषि ऋण कार्यक्रम आयोजित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया आज के दिन सारे भारत में मेगा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम आयोजित कर रहा है. इसी तारतम्य में हमारे बैंक के कृषि एवं सामाजिक बैंकिंग विभाग द्वारा आज सेन्ट्रल पार्क, नवा रायपुर में मेगा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को हमारे बैंक की विविध कृषि ऋण योजनाओं की जानकारी देना तथा कृषकों की जरूरतों के अनुसार हरसंभव सहायता करते हुये कृषि ऋण वितरित करना है जिससे देश के कृषकों का सशक्तिकरण हो सके. इस कार्यक्रम में लगभग 250 कृषकों ने बढ़-चढकर उत्साहपूर्वक भाग लिया.

इस कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को कृषि ऋण संबंधी विविध योजनाओं की जानकारी देने के अलावा उनकी ऋण संबंधी समस्याओं के फीडबैक लेकर अपने प्रोडक्ट व प्रक्रिया में यथासंभव सुधार करने का आश्वासन भी बैंक द्वारा दिया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हमारे बैंक के मुम्बई मुख्यालय से पधारे महाप्रबंधक श्री एस.एस. मूर्ति विशेष रूप से उपस्थित थे. पूरा कार्यक्रम रायपुर अंचल के अंचल प्रमुख श्री राकेश भूतडा के नेतृत्व में तथा रायपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री राजकिशोर केरकेट्टा के समन्वय में आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे.आज रायपुर अंचल में आयोजित मेगा कृषि ऋण कार्यक्रम में 380 कृषक हितग्राहियों को लगभग 130 करोड के कृषि ऋणों की स्वीकृति दी गई. कार्यक्रम का समापन कृषि व सामाजिक बैंकिंग विभाग की इंचार्ज सुश्री पूनम कुमारी सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ.

### विश्व रेडियो दिवस पर रायपुर में राष्ट्रीय स्तर का विशेष आयोजन

## ग्रामीण अंचलों के लिए आकाशवाणी विशेष भूमिका निभा रहा: साय





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आकाशवाणी और यूनेस्को द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय स्तर के एक विशेष कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस गरिमामय समारोह का उद्घाटन किया। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस की थीम रेडियो और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ड्ढ) रखी गई है, जो सूचना क्रांति के इस दौर में रेडियो की प्रासंगिकता और आधुनिक तकनीक के समन्वय पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रेडियो की विश्वसनीयता और एआई की गति के संगम को जनसेवा के लिए एक नई क्रांति बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आकाशवाणी सूचना, शिक्षा और स्वस्थ मनोरंजन देने का एक सशक्त माध्यम है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों और किसानों के जीवन में रेडियो की भूमिका आज भी अद्वितीय है। श्री साय ने जोर देकर कहा कि तेज गति से समाचार देने की प्रतिस्पर्धा के बीच आकाशवाणी ने विश्वसनीय, संतुलित और जनहितकारी सूचना देने की अपनी परंपरा को कायम रखते हुए एक विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने एआई के उपयोग पर चिंतन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में एफ.एम. ट्रांसमीटरों के विस्तार से जल्द ही राज्य की करीब 95 प्रतिशत आबादी तक आकाशवाणी की पहुंच सुनिश्चित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' जैसे लोकप्रिय कार्यक्रम के लिए रेडियो का चयन इसकी व्यापक पहुंच और प्रभाव को दर्शाता है। आकाशवाणी के महानिदेशक श्री राजीव जैन ने स्वागत भाषण देते हुए रेडियो को समाज के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि रेडियो ने न सिर्फ देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोया है, बल्कि देश की प्रगति में समाज के सभी वर्गों को जोड़ा है। श्री जैन ने जानकारी दी कि 23 भाषाओं और 182 बोलियों के माध्यम से आकाशवाणी देश के दूरदराज के हिस्सों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बदलती तकनीक के साथ आकाशवाणी भी खुद को ढाल रहा है और अब एआई का उपयोग इस तरह किया जाएगा कि इसकी विश्वसनीयता और श्रोताओं के साथ आत्मीय रिश्ता निरंतर बना रहे।

## कोण्डागांव मक्का प्लांट तनाव के लिए सरकार जिम्मेदार : बैज



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कोंडागांव के कोकोड़ी स्थित मक्का प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों के प्रदर्शन के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि इस सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही जनता का प्रशासन पर भरोसा खत्म हो रहा है, ग्रामीण पिछले 1 साल से सैकड़ों शिकायत कर चुके थे, दर्जनों बार प्रदर्शन हुए लेकिन सरकार सोयी रही। पर्यावरण प्रदूषण के नियमों का पालन कहीं पर नहीं हो रहा है, सरकारी विभाग और निगरानी समितियां केवल कागजों पर है, औद्योगिक अपशिष्ट और प्रदूषण गंभीर समस्या बन चुका है, केवल हवा ही बदबूदार नहीं उद्योगों से निकलने वाले ठोस और तरल अपशिष्ट से खेत खराब हो रहे हैं, नदी, तालाब और पेयजल के स्रोत दूषित हो रहे हैं, आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है। बलौदाबाजार, कवर्धा, बलरामपुर, सूरजपुर, तमनार के बाद कोण्डागांव में जनता बगावत को मजबूर हुई है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि सत्ता के संरक्षण में उद्योगों में अपशिष्ट प्रबंधन में घोर लापरवाही बरती जा रही है, महीनों तक ना पर्यावरण ऑडिट किए जा रहे हैं, ना निरीक्षण हो रहा है, और ना ही पीड़ितों और प्रभावितों के किसी शिकायत पर कोई कार्रवाई हो रही है, भोले-भाले ग्रामीणों को विद्रोही बनने पर मजबूर कर रही है यह सरकार, जानबूझकर वर्ग संघर्ष की स्थिति निर्मित की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ उत्कल घासी घसिया महासमाज, जिला रायपुर द्वारा 'जिला कप-2026' का भव्य शुभारंभ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ उत्कल घासी घसिया महासमाज, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा जिला कप-2026 भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ दिनांक 12 फरवरी 2026 को आकाशवाणी ग्राउंड (ग्रास मेमोरियल), रायपुर में किया गया।

यह बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट 12 फरवरी 2026 से 08 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में राज्य भर से लगभग 40 टीमों ने भाग लिया है। धमतरी, चरोदा, दुर्ग, भिलाई सहित विभिन्न जिलों से आई टीमों की भागीदारी ने प्रतियोगिता को राज्य स्तरीय स्वरूप प्रदान किया है। खिलाड़ियों में जोश और प्रतिस्पर्धा का उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है।

कार्यक्रम में समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विशेष रूप से युवा एवं दबंग पार्षद श्री कैलाश बेहरा की गरिमामयी उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही पार्षद और एम.आई.सी. श्री अवतार बागल जी, समाजसेवीं श्री शरीफ़ हिंदू भाई, सामाजिक जिला अध्यक्ष श्री राजीव नायक, श्री शैलेन्द्र नायक, श्री कुंदन डोंगरे, श्री राजेंद्र बेहरा, श्री अशोक भारती, श्री निखलेश सागर, श्री पंकज सोनी, श्री बाबू सोनी, श्री गगन सोनी सहित समाज के सभी गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई।

टूर्नामेंट को लेकर विशेषकर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर खेल भावना, अनुशासन और सामाजिक एकता का अद्भुत वातावरण बना हुआ है।

## पुज्य मुनि श्री सुयश सागर जी एवं कौशल्य सागर जी महाराज की फाफाडीह जैन मंदिर में भव्य आगवानी







**रायपुर (विश्व परिवार)।** पुज्य मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज एवं मुनि श्री कौशल्य सागर जी महाराज का रायपुर के फाफाडीह स्थित जैन मंदिर में भव्य स्वागत किया गया। उनके नगर आगमन पर जैन समाज के अनुयायियों ने अत्यंत उत्साह और भक्ति भाव के साथ उनका अभिनंदन किया।

मुनि श्री संघ का मंदिर परिसर में प्रवेश ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ हुआ। भक्तों ने सड़कों पर रंगोली बनाकर और फूल बरसाकर उनकी आगवानी की। मंदिर पहुँचने पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने मुनि श्री के पाद प्रक्षालन किए और उनकी मंगल आरती उतारी।

आगमन के पश्चात मुनि श्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने मानवीय जीवन की सार्थकता, संयम और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया एवं अगामी अष्टान्हिका पर्व मे फाफाडीह स्थित जैन मंदिर मे आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला।

इस दौरान रायपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में जैन अनुयायी दर्शन लाभ लेने हेतु मंदिर में एकत्रित हुए।

## बैंक सुविधाओं के साथ अब करोड़ों का बीमा कवरेज

- ट्रांसमिशन कंपनी के 1700 कर्मचारियों के लिए उन्नत बैंक सुविधाएं



**रायपुर( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी एवं बैंक आफ महाराष्ट्र के बीच ट्रांसमिशन कंपनी के नियमित कर्मचारियों के लिए उन्नत सैलरी पैकेज हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। यह समझौता प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन श्री आरके शुक्ला और बैंक आफ महाराष्ट्र के जोनल मैनेजर श्री वी. वेंकटेश की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कंपनी के नियमित कर्मचारियों को बैंकिंग की व्यापक सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से प्रबंधन द्वारा यह एमओयू किया गया। इस योजना से ट्रांसमिशन कंपनी के नियमित 1700 कर्मचारियों को अब न केवल बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी बल्कि व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, हवाई दुर्घटना बीमा, स्थायी पूर्ण विकलांगता कवर, टर्म इंश्योरेंस, गोल्डन आवर कैशलेस ट्रीटमेंट, बालिका विवाह लाभ, बच्चों की उच्च शिक्षा लाभ जैसे अतिरिक्त सुविधाएं भी प्राप्त किए जा सकेंगे। नियमित कर्मचारियों को इस "गवर्नमेंट प्राइड सेविंग्स सैलरी स्कीम"खाते से जोड़ कर उन्हें एक ही छत के नीचे उन्नत, नि:शुल्क और व्यापक बैंकिंग सुविधाएं दिया जाएगा। कंपनी के कर्मचारियों को चार श्रेणियों जैसे सिल्वर(30,000-60,000), गोल्ड(60,000-1,00,000), प्लेटिनम(1,00,000-1,50,000) एवं डायमंड(1,50,000 से उपर) वेतनभोगियों को श्रेणी अनुसार सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कर्मचारियों को इस योजना के अंतर्गत 10 लाख रूपये तक का टर्म इंश्योरेंस, 1 करोड़ 25 लाख रूपये तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर एवं हवाई दुर्घटना बीमा में 1 करोड़ रूपए का बीमा कवर उपलब्ध कराया जाएगा।

## महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता हो : सावित्री



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर में संचालित मिशन महिला शक्ति अभियान के अंतर्गत उत्कल महिला महामंच की अध्यक्ष एवं मिशन महिला शक्ति अभियान की अध्यक्ष श्रीमती सावित्री जगत ने अपनी महिला टीम के साथ राजधानी रायपुर के प्रथम कमिश्नर श्री संजीव शुक्ला से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर श्रीमती सावित्री जगत ने कमिश्नर श्री शुक्ला को राजधानी में चलाए जा रहे मिशन महिला शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान महिलाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वावलंबन एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निरंतर चलाया जा रहा है। भेंट के दौरान श्रीमती सावित्री जगत ने राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस प्रशासन की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

## मरम्मत के चलते गाड़ियों का परिचालन रहेगा प्रभावित

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में अधोसंरचना विकास कार्य करने हेतु समपार फाटक क्रमांक 481 (किमी 948/19-21) बोरतलावङ्क दरेकसा एवं 504 (किमी 991/20-22) गुदमाङ्क गोंदिया रेलखंड पर बॉक्स पुशिंग कार्य के लिए आरएच-गर्डर (क्र॥-त्वद्बह्स्रद्दह्) लॉन्चिंग एवं डी-लॉन्चिंग का कार्य किया जायेगा। जिससे दिनांक 13-14 फरवरी 2026 को अप एवं डाउन लाइन पर तथा 13-14 मार्च 2026 को डी-लॉन्चिंग के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक कार्य तथा तृतीय लाइन पर लॉन्चिंग एवं डी-लॉन्चिंग का कार्य किया जाएगा। जिससे कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

निरस्त/रद्द की जाने वाली गाड़ियों का विवरण इस प्रकार है गाड़ी संख्या 68721 रायपुर - डोंगरगढ़ मेमू दिनांक - 13, 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च 2026 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68723 डोंगरगढ़ - गोंदिया मेमू दिनांक - 13, 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च 2026 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68724 गोंदिया - रायपुर मेमू दिनांक - 14, 15 फरवरी एवं 14, 15 मार्च 2026 को रद्द रहेगी।

### वसंत राव डूंभरे का निधन



**रायपुर।** अत्यंत दुख के साथ आप सभी को सूचित किया जाता हैं श्री 'वसंत राव डूंभरे' उम्र 85 वर्ष शिव नगर चंगोराभाठा रायपुर निवासी जिनका आज 13 फरवरी को प्रात: 8.30 बजे आकस्मिक स्वर्गवास हुआ, जिनका अंतिम संस्कार दोपहर 3 बजे आज ही मारवाड़ी शमशान भूमि में किया गया। वे मॉ दूर्गा ग्राफिक्स के संचालक श्री सुशील डुंभरे, सुप्रीत डुंभरे, जितेंद्र डुंभरे और प्राप्ति गोपालराव उदापुरे के पिताजी थे। साथ समाज की सांस्कृतिक सचिव श्रीमती सरिता ताई डूंभरे के ससुर थे ।

### एनएचएआई ने लगभग 100 करोड़ की राशि की स्वीकृत

## रायपुर के ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति: सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रिंग रोड चौड़ीकरण के लिए एनएचएआई से दिलाई मंजूरी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी के यात्रियों के लिए एक बड़ी जीत के रूप में, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने आधिकारिक तौर पर रिंग रोड नंबर 1 के किनारे सर्विस रोड के चौड़ीकरण को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय, जो स्थानीय आबादी की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल की निरंतर वकालत और प्रयासों के बाद लिया गया है।

वर्षों से, रिंग रोड नंबर 1 शहर की मुख्य जीवन रेखा रही है। हालाँकि, जैसे-जैसे रायपुर एक प्रमुख शहरी केंद्र में बदला, जो कभी बाईपास हुआ करता था, वह अब घनी आवासीय कॉलोनियों और वाणिज्यिक बाजारों से घिर गया है। मौजूदा 5 मीटर चौड़ी सर्विस रोड अब बढ़ते यातायात के दबाव को संभालने के लिए पर्याप्त नहीं थी। दैनिक यात्रियों को अक्सर भीषण जाम का सामना करना पड़ता था, जहाँ स्थानीय यातायात खतरनाक रूप से भारी राजमार्ग वाहनों के साथ मिल जाता था।

इस परियोजना की मंजूरी का श्रेय सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सतत प्रयासों को जाता है। पिछले दो वर्षों में, अग्रवाल ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के समक्ष कई उच्च-स्तरीय आवेदन प्रस्तुत किए। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखे अपने पत्रों में, अग्रवाल ने इस बात पर जोर दिया था कि शहर की भीड़भाड़ कम करने के लिए सड़कों को 5 मीटर से बढ़ाकर 11 मीटर करना अत्यधिक आवश्यक है। उन्होंने तर्क दिया कि ह॥-53 को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स के लिए एक सुगम कॉरिडोर बनाए रखने के लिए स्थानीय यातायात को प्रभावी ढंग से डायवर्ट किया जाना चाहिए। इस महत्वपूर्ण सफलता को 9 फरवरी, 2026 को आयोजित NHAI की 702वीं कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान औपचारिक रूप दिया गया। सांसद अग्रवाल ने रायपुर की यातायात समस्याओं की गंभीरता को समझने के लिए माननीय केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी और ह॥ढ्ढ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।




RAIPUR BUSINESS HUB
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
CMA DATA
BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन
फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354